हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 68, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 5 सितम्बर, 2023 दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

## सुरक्षा के मुद्दे पर हम महिलाओं का विश्वास जीतने में सफल रहे : योगी

### बोले मुख्यमंत्री- पिछले साढ़े छह वर्ष में उत्तर प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले साढ़े छह वर्ष में उत्तर प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ। आज प्रदेश में सुरक्षा का माहौल है। एनसीआरबी के आंकड़े इस बात के गवाह हैं कि उत्तर प्रदेश में हर प्रकृति के अपराध में कमी आई है। उन्होंने कहा कि 2022 में हम कानून व्यवस्था को आधार बनाकर चुनाव के मैदान के गए थे और यह बहुत बड़ी बात है कि कानून व्यवस्था के मामले पर कोई सरकार दो तिहाई बहुमत के साथ रिपीट हो जाए। इसमें बड़ी भूमिका आधी आबादी ने निभाई, जिन्हें सुरक्षा का बेहतर वातावरण मिला। आज महिलाएं प्रदेश में कहीं भी बिना भय के अकेले यात्रा कर सकती हैं। हमारी सरकार आधी आबादी के विश्वास को जीतने में सफल रही। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश को लेकर लोगों का परसेप्शन था कि यूपी का कुछ नहीं हो सकता, यूपी नहीं सुधर सकता, यूपी एक बीमारू राज्य है जो देश को बीमार कर रहा है। पिछले साढ़े छह वर्षों में हमारी सरकार देश और दुनिया में उत्तर प्रदेश के प्रति व्याप्त इस धारणा को बदलने में सफल रही।



आज उत्तर प्रदेश को लेकर लोगों में नकारात्मक सोच नहीं है। आज उत्तर प्रदेश सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहा है और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वजह से संभव हो पाया, जिन्होंने एक प्रकाश पुंज के रूप में उत्तर प्रदेश को नई दृष्टि दी।

सीएम योगी ने कहा कि 2014 के पहले भारत के बारे में दुनिया की धारणा बहुत नकारात्मक थी। दुनिया का कोई भी देश भारत को गंभीरता से नहीं लेता था। देश की बागडोर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में आने के बाद भारत के प्रति दुनिया की धारणा बदली है। अब दुनिया भारत को सकारात्मक दृष्टि से देखती है और गंभीरता से लेती है। आज दुनिया में जब कोई संकट आता है तो भारत और प्रधानमंत्री मोदी संकट मोचक के रूप में दुनिया को संकट से निकालने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि आज उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक देश के अंदर एक विश्वास का माहौल उत्पन्न हुआ है कि देश का राजनैतिक नेतृत्व जो फैसला लेगा वो जनता और देश के हित में होगा। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज देश के लोगों में बाह्य, आंतरिक और आर्थिक सुरक्षा के मामले में एक विश्वास पैदा हुआ है। उन्होंने कहा कि आज कोई भी दुश्मन भारत की तरफ टेढ़ी नजरों से नहीं देख सकता है, क्योंकि उसको मालूम है कि अगर हम घुसपैठ करेंगे तो भारत के बहादुर जवान पूरी मुस्तैदी के साथ उसका जवाब देंगे। आज भारत के दुश्मनों को पता है कि भारत की सीमा में अतिक्रमण करने के क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं। आंतरिक सुरक्षा के मुद्दे पर सीएम योगी ने कहा कि एक समय देश के 120 जनपद नक्सलवाद और माओवाद की चपेट में थे। आज यह छत्तीसगढ़ के बस्तर और उसके तीन-चार जनपदों तक सीमित रह गया है और जिस तरह से भारत सरकार कार्य कर रही है शीघ्र ही यह पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। सीएम योगी ने कहा पिछले 9 वर्ष के अंदर हमने बहुत ही शानदार तरीके से भारत को बदलते देखा है। भारत ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में एक लंबी छलांग लगाई है। आज भारत दुनिया की 10वीं बड़ी अर्थव्यवस्था से छलांग लगाकर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यही नहीं प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2027 आते-आते भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने भी पिछले साढ़े छह वर्ष के अंदर प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने में सफलता प्राप्त की है।

### श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के लिए आज पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे मुख्यमंत्री योगी, करेंगे आमंत्रित

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज को दिल्ली जाएंगे। वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के लिए आमंत्रित कर सकते हैं। इसके अलावा उनसे अन्य योजनाओं पर भी विमर्श करेंगे। बताया जा रहा है कि अटल आवासीय विद्यालयों के शुभारंभ के लिए भी वह प्रधानमंत्री मोदी से अनुरोध कर सकते हैं। गौरतलब है कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण बहुत तेजी से चल रहा है। भूतल का कार्य लगभग पूरा होने को है। रामजन्मभूमि में चल रहे मंदिर निर्माण के साथ ही अब प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की भी तैयारियां तेज हो गयी हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान 15 जनवरी 2024 से शुरू हो जाएगा। 21 से 23 जनवरी के बीच रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जा सकती है। प्राण प्रतिष्ठा के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रण की भेजा जा चुका है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर रामनगरी अयोध्या को दिसंबर से ही राममय बनाने की योजना है। रामनगरी दो माह तक उत्सवी माहौल में डूबी रहेगी। इस दौरान विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

## सनातन धर्म को गाली देना क्या कांग्रेस और घमण्डिया गठबंधन की नीति है? भाजपा ने पूछा- क्यों चुप हैं राहुल

नई दिल्ली। तमिलनाडु के खेल और युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म पर दिए बयान को लेकर भाजपा ने विपक्ष पर हमला बोला है। भाजपा ने कहा कि घमण्डिया गठबंधन के नेताओं में भारत की सभ्यता, मूल आस्था और सनातन धर्म को गाली देने, कोसने और अपमानित करने की एक प्रतियोगिता सी शुरू हो गई है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि तीन दिन पहले यह घटना हुई। यह अनायास या अचानक नहीं हुई है। एक सेमिनार में उदयनिधि ने ऐसा बोला है।

उससे पहले घमण्डिया गठबंधन की बैठक हुई, जिसमें वो संयोजक और नेता तय नहीं कर पाए, लेकिन 'सनातन धर्म' को नीचा दिखाने की नीति तय कर ली। धर्मेंद्र प्रधान ने भारत में जन्म लेने वाले सभी पंथ-सम्प्रदाय, सभी उपासना पद्धति और सभी मत सनातन के अंश हैं। उन्होंने कहा, कभी उदयनिधि, कभी कार्ति चिदंबरम, कभी प्रियंका खड़गे, कभी बिहार के शिक्षा मंत्री, कभी अखिलेश यादव के प्रमुख नेता स्वामी प्रसाद मौर्य और कभी केजरीवाल के नेता गौतम, ये सब एक योजना के तहत अलग-अलग समय पर इस काम में लग गए हैं। अभी-अभी कांग्रेस के प्रमुख नेता वेणुगोपाल ने तो सारी हदों को पार कर दिया है। उन्होंने



कहा कि कांग्रेस सर्व धर्म सम भाव में विश्वास करती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का भी सम्मान करती है। हम पूछना चाहते हैं कि क्या सनातन धर्म को गाली देना, हिंदू धर्म को गाली देना कांग्रेस और घमण्डिया गठबंधन की नीति है?

धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी स्पष्टता के साथ कहा है कि कोई भी नेता समाज में तनाव पैदा करने वाला कोई भी काम न करे। 2014 से पहले भगवा आतंकवाद का शब्द लाया गया। इन्होंने भगवा आतंकवाद इसलिए कहा था, क्योंकि इनके पैरों के नीचे से जमीन खिसक चुकी थी। इसलिए समाज में तनाव और विद्वेष फैलाने के लिए इन्होंने एक नैरेटिव सेट किया था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब काशी तमिल संगमम आयोजित किया गया, तब अनुभव हुआ कि तमिलनाडु के सर्व-समाज की श्रद्धा काशी विश्वनाथ जी से जुड़ी हुई है। जिनको तमिलनाडु के बारे में कुछ अता-पता नहीं है, वो राजनीतिक उद्देश्य से ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं, जिस पर उनके नेता राहुल गांधी चुप हैं। केजरीवाल, नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी, शरद पवार क्यों चुप हैं? धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हमारी नीति सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास है। हमारा एजेंडा सुख-समृद्धि है, जबकि घमण्डिया गठबंधन की नीति नफरत, शंका, घृणा और विद्वेष फैलाना है।

## चंद्रयान सफलतापूर्वक उतर गया, लेकिन 'राहुलयान' 20 साल से न तो लॉन्च हो सका और न ही लैंड हो पायाः राजनाथ सिंह

जयपुर। राजस्थान के जैसलमेर में सोमवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 तो चांद पर उतर आया, लेकिन राहुलयान की अभी तक न तो लैंडिंग हो पाई और न ही लॉन्चिंग की गई।

**भारत चांद पर पहुंच गया हैः राजनाथ सिंह**- राजनाथ सिंह ने परिवर्तन संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि चंद्रयान ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग की है। ऐसा आज तक कोई देश नहीं कर पाया। उन्होंने कहा कि भारत चांद पर पहुंच गया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत का पहला सोलर मिशन आदित्य एल1 भी सूर्य की ओर रवाना हो गया है। कांग्रेस इस पर भी सवाल उठाने की कोशिश करती है, लेकिन जब वह देश का मूड देखती है तो चुप्पी साध



लेती है।

**'राहुलयान' की 20 साल से नहीं हो पाई लॉन्चिंगः राजनाथ सिंह**- राजनाथ सिंह ने कहा कि मंगलयान, चंद्रयान और सूर्ययान की लॉन्चिंग भी हो गई, लैंडिंग भी हो गई लेकिन राहुलयान की 20 साल से न तो लैंडिंग हो पाई है और न ही लॉन्चिंग हो पाई है। गौरतलब है कि चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को लॉन्च किया गया था। यह 23 अगस्त को चांद की सतह पर उतरा।

**कांग्रेस पर साधा निशाना**- रक्षा मंत्री ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 'हिंदू-मुस्लिम' और 'पिछड़ों' का हवाला देकर राजस्थान में समर्थन हासिल करने की कोशिश कर रही है।

## जंप टेस्ट के बाद स्लीप मोड में भेजा गया विक्रम लैंडर

नई दिल्ली। चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर सोमवार सुबह 8 बजे जंप टेस्ट के बाद स्लीप मोड पर भेज दिया गया। इसरो ने एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि विक्रम लैंडर को थोड़ी उड़ान भरवाने के बाद नई लोकेशन पर उतारा गया, जहां इसके सभी पेलोड्स के साथ प्रयोग किया गया। इस डाटा को इकट्ठा कर पृथ्वी पर हासिल कर लिया गया है। एजेंसी ने जंप टेस्ट से पहले और बाद की तस्वीरें भी साझा कीं। इसरो ने कहा कि अब विक्रम लैंडर के सभी पेलोड्स स्विच ऑफ यानी बंद कर दिए गए हैं। हालांकि, लैंडर के रिसीवर्स को चालू रखा गया है। एजेंसी ने कहा कि एक बार सौर ऊर्जा खपा देने और बैट्री के खत्म हो जाने के बाद विक्रम लैंडर प्रज्ञान के पास ही रहेगा। इसरो ने उम्मीद जताई कि 22 सितंबर को दोनों (लैंडर-रोवर) एक बार फिर काम शुरू करेंगे। इससे पहले शनिवार को अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि रोवर ने अपना काम पूरा कर लिया है और इसे अब सुरक्षित रूप से पार्क किया गया है और स्लीप मोड में सेट किया गया है। रोवर और लैंडर से जो जानकारी इसरो को मिलेगी, वह 14 दिनों तक ही होगी, क्योंकि चांद को पूरी रोशनी सिर्फ इसी दौर में मिलेगी। लैंडर और रोवर इन दिनों में पूरी सक्रियता के साथ इसरो को सूचनाएं भेजेगा। दरअसल, 14 दिनों के बाद चांद पर रात हो जाएगी। यह



रात कोई एक दिन के लिए नहीं बल्कि पूरे 14 दिनों तक के लिए होगी। रात होते ही यहां बहुत अधिक ठंड होगी। चूंकि, विक्रम और प्रज्ञान केवल धूप में ही काम कर सकते हैं, इसलिए वे 14 दिनों के बाद निष्क्रिय हो जाएंगे। हालांकि, इसरो वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर फिर से सूरज उगने पर विक्रम और प्रज्ञान के काम करने की संभावना से इनकार नहीं किया है।

## 'धर्म की मार्केटिंग कर रही भाजपा', शिवलिंग पर हाथ धोने के मामले पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने किया भाजपा का घेराव

इटावा। भारतीय जनता पार्टी की हिंदू धर्म में कोई आस्था नहीं है। वह सिर्फ धर्म की मार्केटिंग कर रही है। भगवान राम की भी मार्केटिंग कर रही है। भगवान राम कोई नए नहीं हैं। भाजपा अभी हाल ही में सत्ता में आई है। हजारों साल से राम के प्रति लोगों का लगाव है और भावना जुड़ी हुई है। भारतीय जनता पार्टी श्रीराम के माध्यम से राम की मार्केटिंग कर रही है।

धर्म के नाम पर लोगों की आंखों में धूल झोंकी जा रही है। इसीलिए मयार्दा, आस्था व भगवान भी इनके लिए मान्य नहीं रखते। शिवलिंग पर हाथ धोने का कृत्य है भी घटिया कृत्य है। यह बात सपा के प्रदेश महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने कही। वे जिला कारागार में निरुद्ध सपा नेता मनीष यादव पतरे से मुलाकात करने आए थे। उसके बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने विगत दिनों फर्जी मुठभेड़ दिखाकर



पतरे की गिरफ्तारी का नाटक किया और तमंचा दिखाकर मनीष यादव के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की थी। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। भाजपा सरकार सपा के हजारों कार्यकताओं को फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भेज रही है। भाजपा यह परंपरा डाल रही है जो उचित नहीं है। शायद उसको इस बात का भ्रम है कि वो सत्ता से कभी नहीं हटेगी। जी-20 सम्मेलन के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी इस प्रकार से बहुत से सम्मेलन हो चुके हैं। एक भी उद्योग की स्थापना नहीं हुई, देश व प्रदेश का नौजवान दिनोंदिन बेरोजगार होता जा रहा है। दो करोड़ नौजवानों को सरकारी नौकरी देने वाली भाजपा सरकार ने कई करोड़ नौजवानों को बेरोजगार बना दिया। सरकारी विभागों को उद्योगपतियों को बेच रही है।

## लाठीचार्ज का आदेश देने वालों को मराठवाड़ा में घुसने न दें, प्रदर्शन में हिंसा पर राज ठाकरे

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने सोमवार को जालना में मराठा आरक्षण के लिए आंदोलन कर रहे लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज का आदेश देने वालों को मराठवाड़ा में प्रवेश नहीं करने देना चाहिए। राज ठाकरे जालना के अंतरवाली सारथी गांव पहुंचे। यहां उन्होंने मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर एक हफ्ते से भूख हड़ताल कर रहे मनोज जारांगे से मुलाकात की। ठाकरे ने कहा कि नेता आपसे वोट मांगते हैं और बाद में आपको छोड़ देते हैं। आंदोलनकारियों को उन नेताओं को मराठवाड़ा में प्रवेश नहीं करने देना चाहिए, जिन्होंने लाठियों से हमला करने और आंदोलनकारियों को बंदूक की नोक पर रखने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि विरोध तब तक जारी रहना चाहिए जब तक नेता माफी नहीं मांग लेते। अंतरवाली सारथी गांव जाते समय मनसे नेता ने जामखेड फाटा में आंदोलनकारियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि पहले, राजनेताओं ने अरब सागर (मुंबई तट से दूर) में छत्रपति शिवाजी महाराज की एक प्रतिमा लगाने का वादा किया और आपका वोट लिया, लेकिन आपका वोट लेने के बाद, आपके मुद्दों को नजरअंदाज कर दिया। ठाकरे ने कहा कि राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा है कि विपक्ष को इस मुद्दे पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। जबकि वह खुद विपक्ष में होते तो उन्होंने भी यही किया होता। उन्होंने कहा कि मैंने आंदोलनकारियों के मुद्दों को सुना। मैं जांच की मांग करूंगा और उन्हें हल करने के लिए मुख्यमंत्री से बात करूंगा। आज कोई चुनाव नहीं है, लेकिन जब चुनाव आएंगे तो लाठियों के निशान याद रखें। सोमवार सुबह औरंगाबाद से अपनी शिव शक्ति यात्रा शुरू करने वाली भाजपा की राष्ट्रीय सचिव पंकजा मुंडे ने कहा कि मराठों के लिए आरक्षण के मुद्दे पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है।

## ज्ञानवापी में सर्वे के लिए और समय मांगने पर मुस्लिम पक्ष ने जताई आपत्ति, अब 8 को सुनवाई

वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर का सर्वे पूरा करने और रिपोर्ट पेश करने के लिए 8 सप्ताह का समय मांगने के एएसआइ के प्रार्थना पत्र पर मुस्लिम पक्ष यानी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने विरोध किया है। सोमवार को जिला जज की अदालत में मसाजिद कमेटी ने आपत्ति दाखिल कर कहा कि जो हलफनामा कोर्ट में दिया है उसके विपरित सर्वे किया जा रहा है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को जीपीआर तकनीक से सर्वे की अनुमति है लेकिन ज्ञानवापी परिसर में जगह-जगह खोदाई की जा रही है। मलबे को ट्र्क से हटाया जा रहा है। एएसआई टीम द्वारा हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में सर्वे के लिए और समय नहीं देकर न्याय किया जाए। इस पर जिला जज की अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 8 सितंबर की तिथि तय की। इसी दिन ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मूल वाद में लंबित अन्य आवेदनों पर भी सुनवाई होनी है। फिलहाल, सर्वे जारी है। इसकी रिपोर्ट अदालत को नहीं दी जा सकी है। बीते शुक्रवार को ही एएसआई ने ज्ञानवापी के सर्वे और उसकी रिपोर्ट तैयार करने के लिए आठ सप्ताह (56 दिन) का समय मांगा था। एएसआई की तरफ



से स्टैंडिंग काउंसिल अमित श्रीवास्तव ने कहा कि ज्ञानवापी परिसर का एएसआई वैज्ञानिक जांच-सर्वे कर रहा है। पुरातत्वविदों, पुरालेखविदों, सर्वेक्षणकताओं, फोटोग्राफर, वीडियोग्राफर और अन्य तकनीकी कर्मियों की टीम लगी है। राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई), हैदराबाद के विशेषज्ञों की एक टीम जीपीआर सर्वे कर रही है। प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण और अध्ययन भी किया जा रहा है।

**एएसआई ने कहा- मलबे के सफाई में लग रहा वक्त**- स्टैंडिंग काउंसिल ने दाखिल अर्जी के माध्यम से कहा कि सर्वे और जांच के दौरान बहुत सारी वस्तुएं मिली हैं। ढीली मिट्टी और निर्माण सामग्री है। ईंट, कचरा व मलबा मिल रहा है। वैज्ञानिक रूप से संरचनाओं की जांच करने के लिए कार्यशील फर्श के स्तर से ऊपर के मलबे आदि की सफाई जारी है। चूंकि अदालत ने सभी तहखानों की जमीन के नीचे सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया है, इसलिए यह आवश्यक है कि वहां डंप या जमा मलबा खड़े ढांचे को कोई नुकसान पहुंचाए बगैर हटा दिया जाए। मलबा बहुत सावधानी से और व्यवस्थित ढंग से हटाया जा रहा है, जो एक धीमी प्रक्रिया है। न्यायालय के निर्देशानुसार सभी तहखानों की जमीन के सर्वे के लिए साफ करने में कुछ और समय लगेगा। ऐसे में सम्मानपूर्वक प्रार्थना की जाती है कि रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए एएसआई को आठ सप्ताह का और समय दिया जाए।

**दूसरी बार लगाई समयसीमा बढ़ाने की अर्जी**- एएसआई ने सर्वे को आगे बढ़ाने और रिपोर्ट दाखिल करने के लिए दूसरी बार समय मांगा है। जिला जज की अदालत ने 21 जुलाई को जो आदेश दिया था, उसमें कहा था कि दो अगस्त तक सर्वे रिपोर्ट मुहैया कराई जाए। बाद में मामला हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट में चला गया। जब तीन अगस्त को सर्वे जारी रखने का आदेश आया तो एसआई ने समयसीमा बढ़ाने की अर्जी लगाई। इसे जिला जज की अदालत ने स्वीकार किया और सर्वे की रिपोर्ट दो सितंबर तक दाखिल करने का आदेश दिया।

## सनातन पर बिगड़े बोलः उदयनिधि के बाद अब कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के बेटे का विवादित बयान

बेंगलुरु। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और राज्य मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म के खिलाफ एक ऐसा बयान दिया है, जिससे देशभर में हंगामा मच गया है। उदयनिधि स्टालिन के मुताबिक, सनातन धर्म मलेरिया डेंगू की तरह है जिसे मिटाना जरूरी है। इस बयान को लेकर एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी डीएमके और विपक्षी गठबंधन पर हमलावर है। वहीं, उदयनिधि स्टालिन के समर्थन में भी कई नेता धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं। उदयनिधि स्टालिन की 'सनातन धर्म को खत्म कर देना चाहिए' वाली टिप्पणी पर कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा,"कोई भी धर्म जो समानता को बढ़ावा नहीं देता है या यह सुनिश्चित नहीं करता है कि आपके पास मानव होने की गरिमा है, वह धर्म नहीं है।" मैं... कोई भी धर्म जो आपको समान अधिकार नहीं देता या आपके साथ इंसानों जैसा व्यवहार नहीं करता वह बीमारी के समान ही है।" बता दें कि प्रियांक खरगे से पहले आरजेडी नेता मनोज झा और कांग्रेस सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम जैसे नेताओं ने उदयनिधि स्टालिन के बयान का समर्थन किया है। कार्ति चिदंबरम ने उदयनिधि के बयान पर कहा कि सनातन धर्म एक कास्ट हायरार्कियल सोसायटी के लिए कोड के अलावा और कुछ नहीं है। जाति भारत का अभिशाप है।

मनोज झा ने दोहराए कबीर के दोहा

वहीं, मनोज झा ने उदयनिधि का समर्थन करते हुए कबीर दास का एक दोहा दोहराया। उन्होंने कबीर के दोहे पड़ते हुए कहा-

जो तू ब्राह्मण ब्राह्मणी जाया,
आन बाट काहे नहीं आया।
जो तू तुरुक तुरुक नी जाया,
अंदर खतना क्यूं न कराया।

मनोज झा ने कहा कि क्या आज के समय कबीर दास ये कहते तो उन्हें फांसी पर चढ़ा दिया जाता। हिंदुस्तान का एक मिजाज रहा है। कई लोगों को सनातन धर्म में कई विसंगतियां दिखती हैं।

## संपादकीय

# अमान्य विवाह से जन्म लेने वाले बच्चे के हक में सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक नजरिया

यह सवाल लंबे समय से विवाद का विषय बना हुआ था कि अमान्य विवाह की स्थिति में पैदा बच्चे को पिता की संपत्ति में हिस्सा मिलना चाहिए या नहीं। अब सर्वोच्च न्यायालय ने इस मसले पर जिस तरह एक स्पष्ट फैसला सुनाया है, वह न केवल अधिकारों के लिहाज से महत्त्वपूर्ण है, बल्कि खासकर बच्चे के जीवन और अस्मिता को लेकर एक ऐतिहासिक नजरिया भी है। करीब तेरह साल पुरानी याचिका पर फैसला सुनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि शून्य या अमान्य ठहराए गए विवाह से पैदा बच्चे को भी वैध माना जाएगा। साथ ही, हिंदू विवाह अधिनियम 16(2) के मुताबिक, जिन मामलों में अमान्य विवाह को रद्द कर दिया गया हो, तो उसके फैसले से पहले पैदा हुआ बच्चा भी कानूनी हक रखता है। अदालत ने कहा कि किसी भी अमान्य विवाह से जन्म लेने वाली संतान का उनके माता-पिता की अर्जित और पैतृक संपत्ति में अधिकार होगा। ऐसे मामलों में बेटियां भी संपत्ति में बराबर की हकदार होंगी। हालांकि यह फैसला हिंदू मिताक्षरा कानून के तहत हिंदू परिवारों की संपत्तियों पर ही लागू होगा। दरअसल, भारत में विवाह की कानूनी व्यवस्था में पहली पत्नी के रहते दूसरा विवाह और उससे जन्म लेने वाली संतान को लेकर आम सामाजिक दृष्टि और उसके कानूनी अधिकारों को लेकर एक जटिल परंपरा कायम रही है। अब तक प्रचलित व्यवस्था में विवाहित पुरुष के किसी अन्य स्त्री से विवाह को कानूनी दर्जा नहीं दिया जाता है। इस तरह ऐसे संबंधों में जन्म लेने वाले बच्चे को लेकर भी लोग कई तरह की गलत धारणा के शिकार होते हैं। मसलन, आमतौर पर ऐसी स्थिति में बच्चे को अवैध कह दिया जाता है। इससे उपजे भावनात्मक या मानसिक दंश को सिर्फ वही समझ सकता है, जो इसकी पीड़ा से गुजर रहा होता है। यह अपने आप में एक बड़ी विडंबना है कि जिस बात के लिए बच्चा कहीं से जिम्मेदार नहीं है, उसकी वजह से उसके बारे में लोगों की राय बेहद संवेदनहीन और उसके अस्तित्व को खारिज करने वाली देखी जाती है। अवैध होने के आरोप और इससे जुड़ी पहचान बेहद अपमानजनक और पीड़ादायक भी होती है, जो किसी भी व्यक्ति के स्वाभाविक जीवन को बाधित करती है। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले की अहमियत इस बात में भी है कि यह आम समाज में प्रचलित धारणा को तोड़ने में सहायक होगी। इसके अलावा, समाज और कानून की नजर में अमान्य विवाहों की स्थिति में पैदा बच्चे के अधिकारों को लेकर भी जटिल व्यवस्था रही है कि ऐसे बच्चे को पिता की संपत्ति में हिस्सेदारी मिले या नहीं। अब तक इस मसले पर ऐसे सवाल उठते रहे हैं कि विशेष स्थितियों को छोड़ कर जब किसी पुरुष के दूसरे विवाह को मान्यता नहीं है, तब उससे जन्म लेने वाली संतान को परिवार की संपत्ति में हिस्सेदारी कैसे सही है! लेकिन इस पहलू पर अब अदालत ने स्थिति स्पष्ट कर दी है कि जब अमान्य विवाह से पैदा बच्चा अवैध नहीं है, तो उसे अपने पिता की संपत्ति में भी हिस्सा मिलना चाहिए। अमान्य विवाह को भले कानूनी और सामाजिक दृष्टि से मंजूरी न दिए जाने की व्यवस्था रही है, लेकिन ऐसे रिश्ते में बच्चे के जन्म को अवैध न मान कर माता-पिता के संबंध से स्वतंत्र रूप से देखा जाना चाहिए। यह मानवीय मूल्यों के लिहाज से तो जरूरी था ही, अब सर्वोच्च न्यायालय ने कानूनी कसौटी पर भी इसे व्यवस्था का रूप दे दिया है।

## है सांसत में जान !



फंस रही है गाड़ी ।
देकर के बयान ।।
उच्च कोटि का बोलना ।
है सांसत में जान ।।
ज्यादा पाने खातिर ।
कुछ भी देते बोल ।।
आखिरकार लेकिन ।
खुलती खुद ही पोल ।।
आ रहा सब सामने ।
किस पर दाव लगाया ।।
हो रहा है मुश्किल ।
था सबको बुलाया ।।
जीत की है भूख ।
है कुछ भी कर जाना ।।
ठान लिया है हमने ।
बजना ऐसे गाना ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भक्तिभाव से कैसे मनाएं एवं उसका महत्व

पूर्ण अवतार भगवान श्री कृष्ण ने श्रावण माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को पृथ्वी तल पर जन्म लिया। उन्होंने बाल्यकाल से ही अपने असाधारण कर्तृत्व से भक्तों के संकट दूर किए । प्रतिवर्ष भारत में मंदिरों व धार्मिक संस्थाओं में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव बड़े स्तर पर मनाया जाता है। उत्सव मनाने की पद्धति भिन्न-भिन्न प्रांत के अनुसार भिन्न- भिन्न होती है। उत्सव के निमित्त अनेक लोग एकत्रित आकर भक्ति भाव से यह उत्सव मनाते हैं। इस वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी 6 सितंबर को है । इस लेख के माध्यम से हम श्री कृष्ण जन्माष्टमी का महत्व जानेंगे।

**महत्व** : जन्माष्टमी के दिन श्री कृष्ण तत्व हजार गुना अधिक कार्यरत होता है । इस तिथि को 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' यह नामजप तथा श्री कृष्ण की अन्य उपासना भावपूर्ण करने से श्री कृष्ण तत्व का अधिकाधिक लाभ मिलने में सहायता होती है । मासिक धर्म, अशौच एवं स्पर्शा-स्पर्श इनका स्त्रियों पर होने वाला परिणाम इस दिन व्रत करने से तथा ऋषि पंचमी का व्रत करने से न्यून होता है। पुरुषों पर होने वाला परिणाम क्षौर आदि प्रायश्चित कर्म से एवं वास्तु पर होनेवाला परिणाम उदक शांति से न्यून होता है ।

**उत्सव मनाने की पद्धति** : इस दिन, दिन भर उपवास करके रात्रि में 12:00 बजे बालकृष्ण का जन्म मनाया जाता है। उसके बाद प्रसाद लेकर उपवास तोड़ते हैं अथवा दूसरे दिन सुबह दही काले का प्रसाद लेकर उपवास तोड़ते हैं।

**श्रीकृष्ण के पूजन का काल** : श्री कृष्ण के जन्म का समय रात्रि 12:00 बजे होता है, इसलिए उससे पूर्व ही पूजन की तैयारी करके रखी जाती है । रात्रि 12:00 बजे संभव हो तो श्री कृष्ण पालना (जन्म का गीत) लगाना चाहिए।

**श्रीकृष्ण का पूजन:**

**श्रीकृष्ण की मूर्ति अथवा चित्र की पूजा** : श्रीकृष्ण जन्म का पालना (गीत) होने के बाद श्रीकृष्ण की मूर्ति अथवा चित्र की पूजा करनी चाहिए।

**षोडशोपचार पूजन** : जिन्हें श्रीकृष्ण की षोडशोपचार पूजा करना संभव है वे षोडशोपचार पूजा करें।

**पंचोपचार पूजन** : जिन्हें श्री कृष्ण की षोडशोपचार पूजा करना संभव नहीं है, वे पंचोपचार पूजा करें । पूजन करते समय 'सपरिवाराय श्री कृष्णाय नमः' यह मंत्र बोलते हुए एक-एक वस्तु श्री कृष्ण को अर्पण करें। श्री कृष्ण को दही पोहा एवं मक्खन इनका भोग लगाना चाहिए। तत्पश्चात श्री कृष्ण की आरती करें (पंचोपचार पूजन में चंदन, हल्दी, कुमकुम, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य इस क्रम से पूजा करनी चाहिए)।

**श्री कृष्ण की पूजा कैसे करें?** : भगवान श्री कृष्ण की पूजा से पहले उपासक स्वयं को मध्यमा से अर्थात बीच की उंगली से चंदन का खडा तिलक लगाएं अथवा भरा हुआ खड़ा तिलक लगाए। श्री कृष्ण की पूजा में उनकी प्रतिमा को चंदन लगाने के लिए गोपीचंदन का उपयोग किया जाता है । श्री कृष्ण की पूजा करते समय उन्हें अनामिका से चंदन लगाएं। श्री कृष्ण को हल्दी कुमकुम चढ़ाते समय पहले हल्दी उसके बाद कुमकुम दाहिने हाथ के अंगूठे एवं अनामिका की सहायता से चरणों पर चढ़ाएं। अंगूठा एवं अनामिका जोड़कर तैयार होनेवाली मुद्रा से पूजा करने वाले के शरीर का अनाहत चक्र जागृत होता है। उसके कारण भक्ति भाव निर्मित होने में सहायता होती है।

**श्रीकृष्ण जी को तुलसी क्यों चढाते हैं?** : देवता के पवित्रक अर्थात देवता के सूक्ष्मातिसूक्ष्म कण। जिन वस्तुओं में विशिष्ट देवता के पवित्रक अर्थात चैतन्य आकर्षित करने की क्षमता अन्य वस्तुओं की अपेक्षा अधिक होती है, ऐसी वस्तु उस देवता को समर्पित करने से देवता की मूर्ति में देवता का तत्व आता है एवं उससे देवता के चैतन्य का लाभ हमें शीघ्र होता है। तुलसी में श्रीकृष्ण तत्व अत्यधिक प्रमाण में होता है । काली अर्थात श्यामा तुलसी श्री कृष्ण के मारक तत्व की तथा हरी अर्थात रामा तुलसी श्री कृष्ण के तारक तत्व की प्रतीक है। इसलिए श्री कृष्ण को तुलसी अर्पण करते हैं।




**श्रीकृष्ण को कौन से पुष्प चढाने चाहिए?** : कृष्ण कमल के फूल में श्री कृष्ण का पवित्रक (चैतन्य ) आकर्षित करने की क्षमता सबसे अधिक होने के कारण यह पुष्प श्री कृष्ण को चढ़ाने चाहिए। देवता के चरणों पर फूल विशिष्ट संख्या एवं विशिष्ट आकार में चढ़ाने से उन फूलों की ओर देवता का तत्व शीघ्र आकृष्ट होता है । इसलिए श्री कृष्ण को फूल चढ़ाते समय वे तीन अथवा तीन के गुना में तथा लंब गोलाकार आकार में चढ़ाने चाहिए । श्री कृष्ण को चंदन का इत्र लगाना चाहिए। श्री कृष्ण की पूजा करते समय उनका तारक तत्व अधिक मात्रा में आकृष्ट करने के लिए चंदन, केवड़ा, चंपा, चमेली ,जाई, खस एवं अंबर इसमें से किसी भी सुगन्ध की अगरबत्ती का प्रयोग करना चाहिए। श्री कृष्ण के मारक तत्व को अधिक प्रमाण में आकृष्ट करने के लिए हिना अथवा दरबार सुगन्ध की अगरबत्तियों का प्रयोग करना चाहिए ।

**श्रीकृष्ण की मानसपूजा** : जो व्यक्ति किसी कारणवश श्री कृष्ण की प्रत्यक्ष पूजा नहीं कर सकते उन्हें श्री कृष्ण की मानस पूजा करनी चाहिए । (मानस पूजा का अर्थ प्रत्यक्ष पूजा करना संभव न होने पर पूजन के सर्व उपचार (पदार्थ) मानस रूप से अर्थात मन द्वारा श्री कृष्ण को अर्पण करना)

**पूजन के बाद नाम जप करना** : पूजा होने के बाद कुछ समय तक श्रीकृष्ण का "ॐ नमो भगवते वासुदेवाय" यह नाम जप करना चाहिए।

**अर्जुन जैसी असीम भक्ति निर्मित हो इसलिए श्रीकृष्ण को मन:पूर्वक प्रार्थना करना** : इसके बाद श्रीकृष्ण द्वारा श्रीमद्भागवतगीता में दिए गए 'नमे भक्तः प्रणश्यति',अर्थात 'मेरे भक्त का नाश नहीं होता', इस वचन का स्मरण कर अपने में अर्जुन जैसी असीम भक्ति निर्मित हो , इसलिए श्रीकृष्ण से मन:पूर्वक प्रार्थना करनी चाहिए ।

**दहीकाला** : विविध खाद्य पदार्थ दही, दूध ,मक्खन, यह सब एकत्र मिलाना अर्थात काला । श्री कृष्ण ने ब्रज मंडल में गायें चराते समय स्वयं का एवं मित्रों का खाना एकत्र करके खाद्य पदार्थों का काला अर्थात मिश्रण बनाया और सबके साथ ग्रहण किया। इस कथा का अनुसरण करते हुए गोकुल अष्टमी के दूसरे दिन काला करने की और दही हांडी फोड़ने की प्रथा चालू हुई । आजकल दही काला के निमित्त पॉकेटमारी, वीभत्स नृत्य, महिलाओं से छेड़छाड़ आदि प्रकार आम हो गए हैं । इन प्रकारों के कारण उत्सव की पवित्रता नष्ट होकर उत्सव से देवता के तत्व का लाभ तो होता ही नहीं, इसके विपरीत धर्म हानि होती है। उपरोक्त प्रकार रोकने के प्रयत्न किए जाएं, तभी उत्सव की पवित्रता रहेगी एवं उत्सव का लाभ सबको होगा । ऐसा करना समष्टि स्तर पर भगवान श्री कृष्ण की उपासना ही है।

हिंदुओं, धर्म हानि रोककर धर्म संस्थापना कार्य में सहभागी होकर श्रीकृष्ण की कृपा संपादित कीजिए !

तस्मादुत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चयः। (हे अर्जुन उठो, युद्ध के लिए तैयार हो )।

श्री कृष्ण की उपर्युक्त आज्ञा के अनुसार अर्जुन ने धर्म की रक्षा की एवं वे श्री कृष्ण के प्रिय हुए। हिंदुओं, देवताओं का अनादर ,धर्मांतरण, लव जिहाद, मंदिरों में चोरियां, गोहत्या, मूर्ति भंजन इन माध्यमों से धर्म पर होने वाले आघातों के विरुद्ध आप भी अपनी क्षमता के अनुसार वैध मार्ग से लड़ें।

भगवान श्री कृष्ण धर्म संस्थापना के आराध्य देव हैं । वर्तमान काल में धर्म संस्थापना के लिए कार्य करना, यह सर्वोत्तम समष्टि साधना है । धर्म संस्थापना अर्थात समाज व्यवस्था एवं राष्ट्र रचना आदर्श करने का प्रयत्न करना। धर्म निष्ठ हिंदुओं! धर्म संस्थापना के लिए अर्थात धर्माधिष्ठित हिंदू राष्ट्र की स्थापना के लिए कार्यरत हों।

**संदर्भ** : सनातन संस्था का लघुग्रंथ "श्रीकृष्ण"

# सर्वसुलभ बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए आजीवन लड़ते रहे शिक्षकों के मसीहा पंचानन राय




**5 सितंबर- पुण्य स्मरण**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के मजबूत स्तंभ, शिक्षक राजनीति के कुशल नेतृत्व कर्ता, महारथी, और सस्ते दर पर सर्वसुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले पंचानन राय वर्ष 2007 में उसी दिन सड़क दुघर्टना के शिकार हो कर काल कवलित हो गये जिस दिन सम्पूर्ण भारत शिक्षक दिवस के जश्न में डूबा रहता है । महान भारतीय दार्शनिक , भारत रत्न भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डाक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस देश शिक्षको योगदान और महत्व को स्मरण करता है। 5 सितंबर2007 को अल सुबह जौनपुर में शिक्षक दिवस मनाने के लिए ही पंचानन राय निकले थे परन्तु मार्ग में दुर्घटना का शिकार हो कर शिक्षक समुदाय की आंखों का सबसे चमकदार सितारा स्वर्गवासी हो गया। बेहतर शिक्षा के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के लिए आवाज बुलंद करने वाले एवं शिक्षक हितों के महायोद्धा श्री पंचानन राय के निधन से शिक्षा जगत से किसी भी तरह का नाता-रिश्ता रखने वाला हर शख्स आहत , मर्माहत और स्तब्ध रह गया। अपने सम्पूर्ण राजनीतिक जीवन में सडक से लेकर सदन तक आम आदमी के लिए बेहतर शिक्षा की आवाज प्रखरता से बुलंद करने वाले, शिक्षक हितों के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले शिक्षकों के मसीहा , विधायी परम्पराओं, परिपाटियो और शिष्टाचार के मर्मज्ञ, विद्वान ओजस्वी वक्ता पंचानन राय के निधन से उत्तर प्रदेश के ज्ञान-विज्ञान के मन्दिरों के साधक और उपासक अब तक अपने को अनाथ महसूस करते हैं। पंचानन राय के निधन से ज्ञान-विज्ञान और शिक्षा के मन्दिरों के साधकों और उपासकों के साथ-साथ उन अगणित लोगों के हृदय को भी आघात लगा जो एक समान शिक्षा व्यवस्था के आधार पर समता मूलक समाज बनाने की चाहत रखते हैं। महापंडित राहुल सांकृत्यायन, अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध और मशहूर शायर, गीत कार तथा रंग कर्मी कैफी आजमी जैसे साहित्य के अनमोल रत्नमणियों को पैदा करने वाली साहित्य की उर्वरा भूमि आजमगढ़ के सगड़ी तहसील में भुवना गांव में पैदा हुए पंचानन राय देश में सबके लिए दुनिया की सर्वश्रेष्ठ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को आखिरी कतार खड़े आदमी की पहुंच की सीमा के अंदर लाना चाहते थे ।

नालन्दा, बोधगया, तक्षशिला और विक्रमशिला जैसे ज्ञान-विज्ञान, दर्शन और की महान प्राचीन भारतीय परम्परा के सच्चे , सचेत और प्रखर ध्वजवाहक विलक्षण प्रतिभा के धनी पंचानन राय आजीवन यह मानते रहे कि-देश की बहुविविध आवश्यकताओ के अनरूप आवश्यक होनहार प्रतिभाओं को रचने, गढ़ने , निखारने और निर्माण का कार्य विद्यालयों में ही होता हैं । इन विद्यालयों में अपनी हड्डी-पसली गलाकर और सतत साधना से बहुविविध प्रतिभाओ को रचने गढने वाले शिक्षक ही असली राष्ट्र निमार्ता और भाग्यविधाता हैं। प्रकारांतर से विद्यालयों में साधना करने वाले महर्षि वाल्मीकि, महर्षि विश्वामित्र, गुरू वशिष्ठ ,गुरू द्रोणाचार्य और गुरु चाणक्य के बंशबीज और ज्ञान के सच्चे साधक ही किसी राष्ट्र की आधारशिला होते हैं । इसलिए इन सच्चे राष्ट्र निमार्ताओं के मान सम्मान और हितों की रक्षा करना हर सरकार का दायित्व है और इसीलिए सच्चे राष्ट्र निमार्ताओं के मान सम्मान और हितों के लिए माननीय श्री पंचानन राय आजीवन पूरी ईमानदारी से संघर्ष करते रहे। पंचानन राय के सीने में शिक्षक समुदाय के आदर और सम्मान के लिए शासन सत्ता से टकराने का अद्वितीय साहस था । शिक्षक समुदाय के आदर सम्मान के साथ-साथ शिक्षा और शिक्षकों की मांगो, समस्यायों को विधान परिषद में अत्यंत प्रभावशाली, धारदार, तथ्यात्मक दक्षता और बौद्धिक एवं तार्किक प्रखरता से रखते थे। इसीलिए शिक्षा मंत्री सहित पूरी सरकार और सदन के सभी सदस्य उनके प्रश्नों और विचारो को गम्भीरता तथा गौर से सुनते थे। शिक्षक समुदाय के साथ होने वाले शोषण के विरुद्ध वह पूरी जीवटता से लड़ते रहे। 1966 में जब पंचानन राय टाऊन इण्टर कॉलेज मुहम्मदबाद मऊ में अध्यापक के रूप में नियुक्त हुए तो प्रबंधन तंत्र द्वारा शिक्षकों के शोषण को करीब से देखा। वहां शिक्षको को मिलने वाले मानदेय और लिखित मानदेय में बहुत अंतर होता था। प्रबंधन तंत्र कं इस आर्थिक लूट-खसोट के विरुद्ध पंचानन ने मुखरता से संघर्ष किया। बाद में वह गांधी इण्टर कॉलेज मालटारी आजमगढ़ में प्रवक्ता पद पर नियुक्त हुए। परन्तु प्रबंधन तंत्र द्वारा शिक्षकों के शोषण के साथ -साथ कार्यालयीय शोषण और शासन सत्ता द्वारा किसी भी प्रकार के होने वाले शोषण के विरुद्ध आजीवन लड़ते रहे।

स्वाधीनता संग्राम के अंतिम और निर्णायक दौर 28 नवम्बर 1942 में पैदा हुए शिक्षक राजनीति के कुशल नेतृत्व कर्ता, वीणा-वादिनी के मानस पुत्र श्री पंचानन राय महान स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों के अनुरूप तथा समता मूलक समाज की परिकल्पना को



साकार करने हेतु पूरे देश में एक समान शिक्षा व्यवस्था और प्रणाली प्रबल समर्थक थे। इसलिए अपने सम्पूर्ण राजनीतिक जीवन में प्रत्येक मंच से स्वयं के गलकंठ से उच्च स्वर से उन नारों को निरंतर लगाते और दोहराते रहे जिनमें एक समान शिक्षा व्यवस्था का संकल्प निहित था। पंचानन राय और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के समवेत स्वर से भारतीय राजनीति के गगन में निरंतर अनुगुंजित "निर्धन हो या हो धनवान सबको शिक्षा एक समान ", "केरल हो या राजस्थान सबको शिक्षा एक समान" " मिल जुल कर सब साथ चलेंगे, कृष्ण सुदामा साथ पढ़ेंगे " जैसे नारों का स्वाभाविक और दूरगामी परिणाम हुआ कि-2010 में केन्द्र सरकार को शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकारों की फेहरिस्त में शामिल करना पडा। शिक्षक राजनीति के इस महान महारथी का अवसान उस समय पर हुआ जब अन्य क्षेत्रों की तरह शिक्षा का निजीकरण, बाजारीकरण और व्यवसायीकरण अपनी पराकाष्ठा पर पहुंच चुका है । इस गलाकाट प्रतियोगिता और प्रतिस्पर्धा पर आधारित बाजारवादी दौर में भी अपने संघर्षों से सरकारों को शिक्षा के प्रति सरकार की जिम्मेदारियो का एहसास कराते रहते थे। मिश्रित अर्थव्यवस्था वाले देश में निजी प्रयासों को पूरी महत्ता मिलनी चाहिए परन्तु भारत जैसे देश में जहां आज भी बहुत बडी आबादी गरीबी रेखा के नीचे गुजर-बसर करती है वहाँ शिक्षा को पूरी तरह बाजार के हवाले नहीं किया जा सकता है। इसलिए श्री ओम प्रकाश शर्मा आम जनमानस के पक्ष में सरकारी शिक्षा के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे । माननीय श्री ओम प्रकाश शर्मा के साथ मिलकर पंचानन राय ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य अहिंसा पर आधारित सत्याग्रह के सिद्धांत को पूरी तरह आत्म-सात और हृदयंगम किया था इसलिए सम्पूर्ण राजनीतिक जीवन में कभी भी किसी तरह का आन्दोलन किया तो सत्याग्रह के सिद्धांतो ,मूल्यों, मयार्दाओं और मान्यताओं का पूरा ख्याल रखा। निर्विवाद रूप से रूप से कहा जा सकता हैं कि कांग्रेस की संस्कृति से राजनीतिक रूप से शिक्षित-प्रशिक्षित पंचानन राय आंदोलन की राजनीति के उन गिने-चुने महायोद्धाओं में शुमार किए जाते हैं जिन्होंने अपने हर आन्दोलन और संघर्ष में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समस्त सत्याग्रही आदर्शों ,मूल्यों , मयार्दाओं और मान्यताओं को आजीवन जिंदा रखा। महात्मा गाँधी के आदर्शों , मूल्यों मयार्दाओ, मान्यताओं और सत्याग्रही तौर-तरीकों में गहरी गहन आस्था निष्ठा रखने वाले माननीय श्री ओम प्रकाश शर्मा के साथ मिलकर पंचानन राय ने अपने सम्पूर्ण राजनीतिक जीवन में जितने आंदोलन किए कभी भी किसी आन्दोलन को अराजक और हिंसक नहीं होने दिया । और सरकारों को अपने अहिंसावादी , अनुशासित सत्याग्रही परन्तु संख्या दृष्टि से व्यापक आन्दोलनों के आगे नतमस्तक होने को विवश कर दिया। हमारे महान संविधानविदो ने जिस उच्च आदर्श विधायी सोच और उत्कृष्ट भावना के साथ राज्यों के विधानमंडलो में उच्च सदन की परिकल्पना की थी उसको श्री पंचानन राय ने अपने विधायी आचरण और व्यवहार से अक्षरशः चरितार्थ किया था। साहित्य, अदब, शहादत और सियासत की उर्वरा भूमि आजमगढ़ में पैदा पंचानन राय के अंदर राजनीतिक कुशलता, कुशाग्रता और नेतृत्व करने की क्षमता कूट कूट कर भरी थी। उनकी लोकप्रियता शिक्षक समुदाय के साथ- साथ आमजन मानस में भी थी । उनकी लोकप्रियता और राजनीतिक क्षमता से प्रभावित होकर विकास पुरुष कल्पनाथ राय उन्हें 1980 में सगड़ी विधानसभा से कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी बनाया। 1980 और 1989 में दो बार उन्होंने सगड़ी विधानसभा का शानदार नेतृत्व किया। कालांतर में गोरखपुर - फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से 1996 ओर 2002 में विधान परिषद सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। शिक्षक राजनीति के इस महान पुरोधा और विधायी शिष्टाचार के महान मर्मज्ञ और शानदार वक्ता को सारा शिक्षा जगत उनके बेहतर शिक्षा तथा शिक्षक हितों के लिए गए संघर्षों तथा तथा निरंतर संघर्षों के फलस्वरूप मिली उपलब्धियों और परिलब्धियो को स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहा है।

**मनोज कुमार सिंह**
**लेखक / साहित्यकार/ उप-सम्पादक कर्मश्री मासिक पत्रिका**

# कहां से आया, विवाद में क्यों छाया, प्राचीन से लेकर अवार्चीन तक सनातन क्या है? जिस पर एक हैं संघ और गांधी के विचार

**अभिनय आकाश**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि, सनातन धर्म पर अपनी टिप्पणी के बाद विवादों में हैं। उन्होंने इसकी तुलना डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से की और इसके उन्मूलन की मांग की। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ उनकी टिप्पणियों पर नाराज हो गई है, जिन्होंने उदयनिधि की टिप्पणियों पर कड़ा विरोध जताया है और विपक्षी गुट इंडिया पर नफरत, जहर फैलाने और देश की संस्कृति पर हमला करने का आरोप लगाया है। उदयनिधि की पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम ने अपने उत्तराधिकारी का बचाव करते हुए कहा है कि उनके बयान को "तोड़ मरोड़कर पेश" किया गया है, जबकि इंडिया ब्लॉक के कई नेताओं ने कहा कि नेताओं को ऐसी टिप्पणियां करने से बचना चाहिए। जैसे-जैसे विवाद बढ़ता जा रहा है और राजनीतिक जुबानी जंग बढ़ती जा रही है। ऐसे में पूरे विवाद को समझते हुए आइए जानते है कि सनातन की असल परिभाषा क्या है। प्राचीन से लेकर अवार्चीन तक इसको लेकर क्या हैं विचार। तमिलनाडु प्रोग्रेसिव राइटर्स एंड आर्टिस्ट एसोसिएशन की एक बैठक को संबोधित करते हुए उदयनिधि ने कहा कि सनातन समानता और सामाजिक न्याय के खिलाफ है। युवा मंत्री ने आरोप लगाया कि सनातन ने लोगों को जाति के आधार पर बांटा है। उन्होंने तर्क दिया कि यह तर्क स्वाभाविक रूप से प्रतिगामी है, लोगों को जाति और लिंग के आधार पर विभाजित करता है और मूल रूप से समानता और सामाजिक न्याय का विरोध करता है। इसके बाद उन्होंने कथित तौर पर इसकी तुलना "डेंगू, मलेरिया और कोविड -19 जैसी बीमारियों से की और इसके उन्मूलन का आह्वान किया। उनकी टिप्पणी के तुरंत बाद, तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई ने उदयनिधि पर सनातन धर्म का पालन करने वाली भारत की 80 प्रतिशत आबादी के नरसंहार का आह्वान करने का आरोप लगाया। गृह मंत्री अमित शाह ने इंडिया ब्लॉक पर वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के लिए सनातन धर्म का "अपमान" करने का आरोप लगाया, जिसका डीएमके एक हिस्सा है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोगों से विपक्षी समूह को खारिज करने की अपील की, जो नफरत, जहर फैला रहा है और देश की संस्कृति और परंपरा पर हमला कर रहा है। भाजपा ने आरोप लगाया कि यह स्पष्ट है कि हिंदू धर्म का पूर्ण उन्मूलन" विपक्षी गठबंधन का प्राथमिक एजेंडा है। भगवा पार्टी ने द्रमुक नेता की टिप्पणी को ह्घृणास्पद भाषणह्व बताते हुए सुप्रीम कोर्ट से उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी उदयनिधि और इंडिया ब्लॉक पर निशाना साधते हुए तमिलनाडु कांग्रेस प्रमुख केएस अलागिरी का एक पुराना वीडियो साझा करते हुए कहा कि राज्य में गठबंधन का उद्देश्य सनातन धर्म को नष्ट करना है।

## सनातन से ही डूबेगा स्टालिन!



इंडिया विपक्ष की मेहनत पर उदयनिधि ने फेरा पानी!
सनातन को मिटाने के बयान से मूर्ख बन गया अज्ञानी !!
मूर्ख बन गया अज्ञानी हर तरफ सियासी बवाल मच गया!
इंडिया गठबंधन सोच रहा उदयनिधि ने क्या किया!!
कहे आशुतोष सनातन से पंगा भूल के मत लो मियां!
गठबंधन स्टालिन से करके खत्म होगा निश्चित इंडिया!!

–अवनींद्र आशुतोष

# 18 सूत्रीय माँगो के समर्थन में जनपद के हजारों शिक्षक/शिक्षिकाओं ने किया धरना प्रदर्शन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर आज प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपदीय इकाई गाजीपुर द्वारा उ0 प्र0 बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक अपनी माँगों जैसे- पुरानी पेंशन की बहाली, राज्य कर्मचारियों की भाँति उपार्जित अवकाश, द्वितीय शनिवार अवकाश, प्रतिकर अवकाश, अध्ययन अवकाश, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, प्रत्येक प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर पदोन्नति / तैनाती, उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों की भाँति चयन वेतनमान में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके सभी शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान आदि 18 सूत्रीय माँगो के समर्थन में जनपद के हजारों शिक्षक/शिक्षिकाओं ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय महुआबाग पर एकत्र होकर अपनी मांगों के समर्थन में शान्तिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन किया। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष



जितेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि शासन एवं सत्ता शिक्षकों की माँगो एवं समस्याओं को लेकर उदासीन है। कई बार ज्ञापन देने के बाद भी शासन चिर निद्रा में सोया हुआ है। संगठन शिक्षक हित में सदैव तत्पर एवं समस्याओं के निवारण के लिए प्रयासरत एवं संघर्षरत है। प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर पूरे प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से ज्ञापन सौपने एवं जनपद स्तर पर धरना प्रदर्शन के बाद भी अगर शिक्षको की माँगो को माना नही गया तो सितम्बर माह के अन्तिम सप्ताह में पूरे प्रदेश भर के शिक्षक शिक्षा निदेशक कार्यालय निशातगंज लखनऊ पर धरना प्रदर्शन एवं घेराव करेंगे। 18 सूत्रीय माँग पत्र को जिला मंत्री इसरार अहमद सिद्दीकी ने शिक्षकों के समक्ष पढ़कर सुनाया एवं शिक्षकों से आह्वान किया कि शिक्षक सरकार से अपनी माँगो को मनवाने के लिए कमर कस ले व ब्लाक स्तर से प्रदेश स्तर तक की लड़ाई के लिए तैयार रहें। धरने के अन्त में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजीपुर हेमन्त राव धरना स्थल पर उपस्थित होकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन लिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित समस्त शिक्षकों को आश्वस्त किया कि उचित माध्यम से शिक्षकों के माँग पत्र को मुख्यमंत्री को प्रेषित कर दिया जाएगा। धरने में मुख्य रुप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष आन्द प्रकाश यादव, कोषाध्यक्ष पवन गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह, कमलेश यादव, विरेन्द्र यादव, धनन्जय यादव, राजीव ओझा, के०के०सिंह, शिव सहाय सिंह, इन्द्रासन यादव, लल्लन गुप्ता, रामजन्म यादव, रेनू यादव, डॉ० राजेश यादव, दीपक जायसवाल, हरेन्द्र यादव, अरुण राय, महातिम यादव, राजेश भारती, वीरेश यादव, डॉ० राजेश सिंह, मनोहर यादव, दिनेश यादव, जनार्दन यादव, तुफैल अहमद, विजेन्द्र यादव, मनोज सिंह, अनिल यादव, प्रेम प्रकाश,चन्द्रशेखर सिंह, राम सिंहासन चौधरी, अदनान अहमद, पूरनमल करुण, रणजीत कुमार, यशवन्त प्रसाद, नीलम, किरन, नेहा शुक्ला, अशोक यादव, हसीन अहमद, अब्दुल बारी आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला मंत्री इसरार अहमद सिद्दीकी ने किया।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान





प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना भांवरकोल क्षेत्र अंतर्गत प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान। पुलिस थानों की महिला पुलिसकर्मियों व एन्टीरोमियो टीम द्वारा मंदिर, बाजारों, स्कूलों/कॉलेजो व प्रमुख मार्गो आदि पर चेकिंग की जा रही है। महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिलाओं/बलिकाओं को किया जा रहा जागरूक। बेवजह घुमने वाले सोहदों/मनचलों को दी जा रही कड़ी चेतावनी। शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## बीती रात आयी भीषण आंधी, पानी में पेड़ पौधों के साथ कच्चे आशियाने भी आए जद में

प्रखर ब्यूरो मरदह/गाजीपुर। बीती रात आयी भीषण आंधी, पानी से लोगो को उमस भरी गर्मी से राहत तो जरूर मिली लेकिन जिले के अलग अलग जगहों पर पेड़, बिजली के तार और खंभो के साथ साथ लोगो के घरों के छप्पर और शेड गिर गए। तार, खंभे गिरने से



बिजली व्यवस्था भी चरमरा गई है। विभाग टूटे तारो को दुरुस्त करने में लगा हुआ है। मरदह विकास खंड के बरही गाँव निवासी लालू मुसहर का कच्चा मकान धराशयी हो गया। गनीमत रही कि जैसे ही आंधी शुरू हुई लालू का परिवार घर से बाहर निकल गया अन्यथा परिवार चपेट में भी आ सकता था। ग्रामीणों ने बताया बहुत ही जबरदस्त आंधी, पानी आयी जिसमे लोगो के पेड़ पौधों के साथ उनके कच्चे आशियाने भी जद में आ गए। क्षेत्रीय लेखपाल आमोद सिंह ने बताया जिन गरीब परिवारों के घर क्षति हुई है, सर्वे कर उन्हें उचित मुआवजा दिया जाएगा।

## छात्रा ने नदी में कूदकर दी जान

प्रखर चंदवक जौनपुर। चंदवक स्थानीय थाना क्षेत्र के हरिहरपुर पुल से एक स्कूल की छात्रा नदी मे कूदकर जान दे दी जहाँ स्थानीय लोगो ने जिसकी सूचना 112 व पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगो की मदद से नदी के बाहर निकाल कर तत्काल सामुदायिक स्वाथ्य बिरीबारी ले जाया गया। जहा डाक्टरो की टीम ने उसे मृत्य घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार प्रियका कुमारी पुत्री सतीश राम उम्र 18 वर्ष ग्राम बगेरवा जो गणेश राय महाविद्यालय कर्रा डोभी की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थीं घर से लगभग सुबह 6 बजे विद्यालय पेपर देने के लिए निकली थीं।वही हरिहरपुर पुल पर अपना बैग रख कर अचानक नदी में छलाग लगा दी।

# पुलिस ने अवैध निर्माण को रूकवाया

प्रखर ब्यूरो मरदह/ गाजीपुर। सुलेमापुर ग्राम सभा अंतर्गत पड़ने वाले महाहरधाम के मुख्य गेट से सटे ग्राम सभा की जमीन पर किये जा रहे अवैध निर्माण की शिकायत पर मरदह थाने की पुलिस ने पहुँच कर अवैध निर्माण को रूकवाया। शिकायतकर्ता सुलेमापुर निवासी बृजेश सिंह ने शिकायतीपत्र में आरोप लगाया है कि सुलेमापुर गाँव के ही कुल 13 लोगो ने ग्राम सभा की जमीन पर जिसका गाटा संख्या 187 है में झोपड़ी, टीन शेड वगैरह डालकर अवैध तरीके से काफी लंबे समय से अतिक्रमण कर रखा है। उक्त लोगो द्वारा राजस्व अधिकारियों और पुलिस द्वारा मना करने के बावजूद अवैध निर्माण किया जा रहा था। जब कि मामला न्यायिक तसीलदार के यहाँ विचाराधीन है, जिसपर स्पष्ट आदेश है कि जब तक मामले में कुछ आदेश नही आता है, तब तक निर्माण कार्य नही किये जायेंगे। शनिवार की देर शाम उक्त



लोगो द्वारा दीवाल, पिलर जोड़ा जा रहा था, जिसपर शिकायत के बाद मौके पर पहुँचे थानाध्यक्ष सुरेंद्र नाथ सिंह ने निर्माण कार्य को रूकवाया और सख्त हिदायत भी दी कि जब तक न्यायालय से आदेश नही आता है तब तक कोई भी निर्माण कार्य नही करेगा। उन्होंने कहा आदेश की अवहेलना करते यदि कोई पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। रविवार को राजस्व लेखपाल और उपरोक्त लोगो की मौजूदगी में मरदह थाने में समझौता पत्र लिखवाया गया, जिसमें न्यायायिक तसीलदार के यहां से आदेश नही आने तक निर्माण कार्य नही करने की बात कही गयी।

सदर तहसीलदार लालजी विश्वकर्मा ने बताया मामला कोर्ट में विचाराधीन है राजस्व लेखपाल मुकेश कुमार को भेज मौका मुआयना कराया गया है। अगर कोई निर्माण करते पाया जाता है तो उक्त के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# जनपदीय कुश्ती में केराकत जोन के पहलवानों का दबदबा

## रतनूपुर में 75 वीं स्कूली जनपदीय कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न

प्रखर थानागद्दी जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र के जनता इण्टर कालेज रतनूपुर में आयोजित 75 वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयों की कुश्ती प्रतियोगिता में गोवर्धन इण्टर कालेज मुफ्तीगंज के छात्र पहलवान छाए रहे।ओवर आल केराकत जोन को चैंपियनशिप मिली। आज सोमवार को इस 75 वीं जनपदीय कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख उद्यमी एवं समाजसेवी ज्ञानप्रकाश सिंह ने दीप प्रज्जवलन एवं फीता काटकर किया। विशिष्ट अतिथि पुलिस उपाधीक्षक गौरव शर्मा रहे। सब जूनियर 35 किग्रा भार वर्ग में नई बाजार के आदित्य 41 किग्रा में रितेश यादव पतरही प्रथम रहे।44 एवं 48 किग्रा में मुफ्तीगंज के अवनीश यादव एवं मोहित यादव ने गोल्ड मेडल पाया।52 किग्रा में मुफ्तीगंज के शुभम यादव प्रथम तो रतनूपुर के शिवम पहलवान को दूसरा स्थान मिला।62 किग्रा वजन में पतरही के नितीश अव्वल रहे तो 65 किलो में मुफ्तीगंज के शुभम ने पहला स्थान पाया। जूनियर वर्ग के 45 किग्रा वर्ग तथा 48 किग्रा में





मुफ्तीगंज के ही अमन चौहान और मिथिलेश यादव ने सबको पछाडकर पहला स्थान पाया। रतनूपुर के प्रियांशु 51 किग्रा के सर्वजेता रहे।55 किग्रा में मुफ्तीगंज के नीरज पाल सबको पटखनी देकर पहला स्थान हासिल किया। 60 किग्रा में नई बाजार के पवन चौहान 65 किग्रा में कृष्णानगर के कृष्ण कुमार यादव 71किग्रा में मुफ्तीगंज के अंकित 80 किग्रा में केराकत के मयंक और 110 किग्रा भार वर्ग में सत्येंद्र बहादुर सिंह इण्टर कालेज खर्गसेनपुर के अनुराग यादव चैंपियन रहे। सीनियर बालिका वर्ग की 53 एवं 57किग्रा में बी आर पी इण्टर कालेज जौनपुर की क्रमश अंशिका एवं जानसी प्रथम रही तो 61 किग्रा में रतनूपुर की अंकिता सिंह ने गोल्ड जीता। 65 किग्रा में आस्था आनंद सिंह सर्वजेता रही। इसी वर्ग के बालको में मुफ्तीगंज के मगन यादव ने 57 किग्रा वर्ग के विजेता बने।65 किग्रा में डोभी के रविकिशन खरवार 70 किग्रा में केराकत के आकाश यादव तथा 79 किग्रा में सुमित्रा शिक्षण संस्थान बजरंगनगर के अंकित यादव प्रथम रहे। ग्रीको रोमन के 55 किग्रा में मुफ्तीगंज के अजीत प्रथम और रतनूपुर के सूर्यांश मौर्य द्वितीय रहे। 61 किग्रा में मुफ्तीगंज के गौरव 63किग्रा में सीताराम इंटर कालेज हनुआडीह के शुभम यादव एवं 67 किग्रा में टी डी कालेज जौनपुर के राकेश को पहला स्थान मिला।रेफरी एल लल्लन यादव तथा भरत यादव ने किया।स्कोरर मनोज कुमार रहे। पुरस्कार वितरण ज्ञानप्रकाश सिंह कालेज के प्रबंधक ओंकार सिंह तहसील संयोजक प्रधानाचार्य डा आर डी सिंह ने किया।आभार जनपदीय कुश्ती प्रतियोगिता की संयोजिका रजनी द्विवेदी ने किया।मुख्य रूप से कोणार्क कंपनी के महाप्रबंधक विष्णु कुमार पांडेय पर्सनल मेनेजर डी एन उपाध्याय थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह व्यायाम शिक्षक मनोज सिंह अमित कुमार मदनगोपाल सतीश सिंह इंदुप्रकाश सिंह प्रेमचंद शुक्ल उपस्थित रहे।संचालन राजेश सिंह ने किया।

## ताबड़तोड़ अंधाधुंध फायरिंग करने वाले गिरोह के 3 वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्वाट/ सर्विलांस टीम व कोतवाली गाजीपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 01.09.2023 को चार पहिया वाहन स्कार्पियो पर जमानिया मोड़ से रौजा पेट्रोल पम्प के सामने वाली गैराज के पास ताबड़ तोड़ अंधा धुन फायरिंग करने वाले गिरोह के 3 नफर वाछित अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त 3 अदद मोटर साईकिल व एक अदद पिस्टल .32 बोर मय 2 अदद जिन्दा कारतूस तथा एक अदद देसी अवैध कट्टा .315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस को सफलता पूर्वक बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में जनपद गाजीपुर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे चेकिंग अभियान व वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में तथा पुलिस अधीक्षक नगर गाजीपुर के कुशल निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी नगर गाजीपुर के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 04.09.2023 को स्वाट/सर्विलांस टीम व प्र0नि0 तेज बहादुर सिंह,मय टीम कोतवाली के दिनांक 01.09.2023 को चार पहिया वाहन स्कार्पियो पर जमानिया मोड़ रौजा पेट्रोल पम्प के सामने वाली गैराज के पास ताबड़ तोड़ अंधाधुन फायरिंग करने वाले गिरोह के 3 नफर वाछित अभियुक्त



1.जगदीश यादव उर्फ सोनू यादव पुत्र केशव यादव निवासी कोडरपुर थाना करीमुद्दीनपुर गाजीपुर, राजू सिंह पुत्र रमेश सिंह निवासी मेदनीपुर थाना सुहवल गाजीपुर तथा दिव्यांशू यादव पुत्र नन्दू यादव निवासी फूल्लनपुर थाना कोतवाली, जनपद गाजीपुर को थाना कोतवाली, गाजीपुर के गौसाबाद स्थित शंकर जी के देवस्थान कुआँ के पास से गिरफ्तार करते हुए पंजीकृत मु0अ0सं0 443/2023 धारा 147/148/149/307/427 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली, गाजीपुर की घटना में प्रयुक्त एक अदद पल्सर मो0सा0, एक अदद बुलेट मो0सा0, एक अदद अपाची मो0सा0, एक अदद पिस्टल .32 बोर मय 2 अदद जिन्दा कारतूस तथा एक अदद देसी अवैध कट्टा .315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद करने में सफलता प्राप्त किया। अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना कोतवाली, गाजीपुर द्वारा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### बीईओ ने बिना मान्यता से चल रहे विद्यालय को कराया बन्द




प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खण्ड के ओदार में बिना मान्यता के चल रहे मां दुर्गा बाल विद्या मंदिर को खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बन्द कराया। उक्त विद्यालय को केवल कक्षा 5 तक की मान्यता था लेकिन इंटर तक कक्षाएं संचालित कर रहा था। उक्त विद्यालय की शिकायत ग्रामीणों द्वारा बार बार करने के बाद खण्ड शिक्षा अधिकारी देवी प्रसाद दुबे ने जांचोपरांत नोटिस दी। नोटिस के बाद स्कूल द्वारा कोई भी इंटर तक के मान्यता के अभिलेख नही दिखा पाने पर बन्द करने का निर्देश दिया था। लेकिन उसके बाद भी स्कूल चालू होने पर प्रबन्धक व प्रधानाचार्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी। जिसपर सोमवार को उक्त स्कूल में चलने वाली कक्षा 12 तक की कक्षाएं बन्द हुई। जिसकी बीईओ ने लिखित भी लिया और चेतावनी दी कि भविष्य में स्कूल चालू करने पर कक्षा 5 तक की भी मान्यता निरस्त करने के साथ एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी।

### विकास भवन में लगाए गए हरिशंकरी का वृक्ष



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज दिनांक 4 सितंबर 2023 को विकास भवन के प्रांगण में और मेन गेट सहित दो हरिशंकरी का पेड़ लगाया गया। वन महोत्सव के महीना में विकास भवन के सुंदरीकरण के नाम पर हरिशंकरी के पेड़ की छटाई सहित कदम के पेड़, नीम, सागवान, हरसिंगार, चिकवन, सहित लगभग 22 से 23 पर जुलाई के महीना में काट दिए गए थे, जिसको लेकर के राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिनांक 1 अगस्त 2023 को एक दिवसीय सत्याग्रह के माध्यम से विरोध किया गया था, जिसके क्रम में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव व पर्यावरण सामाजिक कार्यकर्ता उमेश चंद्र श्रीवास्तव, शिक्षक रणधीर सिंह यादव के नेतृत्व में विकास भवन के प्रांगण में एक और एक विकास भवन गेट के बाएं तरफ हरिशंकरी वृक्षों रोपण किया गया। वृक्षारोपण के समय दिवाकर सिंह काकन, बबलू सिंह, गोपाल खरवार, रितेश सिंह, संतोष जायसवाल, संतोष राय, इंद्रजीत, चंचल सिंह सोनू सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश ईकाई की बैठक कल

प्रखर डेस्क। लखनऊ में दारूल शफा ए ब्लॉक कामन हाल में 11 बजे से शुरू होगी। बैठक में प्रदेश के सभी पदाधिकारी जिला पदाधिकारी मण्डल अध्यक्ष जागरूक कोटेदार हिस्सा लेंगे। बैठक में आगामी लखनऊ में आयोजित होने वाले कन्वेंशन कार्यक्रम की तैयारी तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा किया जायेगा। यह जानकारी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने दिया।

### मोहम्मद आरिफ ही बने रहेंगे जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष

प्रखर जौनपुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्प संख्यक विभाग के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज आलम ने विज्ञप्ति जारी कर अवगत कराया की कार्यालय त्रुटि से मोहम्मद आरिफ की जगह किसी अन्य को जिला अध्यक्ष नियुक्ति की अधिसूचना जारी हो गई थी, जिसपर उन्होंने खेद प्रकट कर श्री आरिफ को ही उक्त पद पर बने रहने की बात कही है।

### काशी हरितालिका उत्सव पर भगवान शिव एवं माता पार्वती के प्रसंग एवं पारंपरिक तीज की कथाओं पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन किया गया



प्रखर वाराणसी। भगवान शिव एवं माता पार्वती के प्रसंग एवं पारंपरिक तीज की कथाओं पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन कर युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति, संस्कार व परंपरा से रूबरू कराया गया। अवसर था भारत विकास परिषद काशी शाखा के तत्वाधान में सोमवार की शाम चौकाघाट स्थित हेरीटेज पैलेस में आयोजित तीजोत्सव काशी हरितालिका उत्सव का। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डा.वन्दना सिंह (प्रबंधक, संत अतुलानन्द कान्वेंट स्कूल) एवं विशिष्ट अतिथि प्रो.डा.कविता शाह (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) मौजूद रही। कार्यक्रम की शुरूआत मां भारती एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्पार्चन, दीप प्रज्जवलन एवं वंदे मातरम के बाद श्री गणेश वन्दना से हुआ। इस मौके पर पारंपरिक परिधान एवं सोलह श्रृंगार में सजी क्लब की सदस्याओं ने हर्षोल्लास के बीच विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रमों की इसी श्रृंखला में विविध प्रतियोगिताओं के बीच बंपर तीज स्पेशल हाऊजी का भी आयोजन किया गया। जिसमें भागीदारी करते हुए महिलाओं ने अनेकों पुरस्कार जीते। इस अवसर पर पूर्व महिला संयोजिकाओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की। भाविप काशी की महिला संयोजिका रश्मि शाह ने सभी प्रतिभागियों, सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट किया। संयोजन अदिति अग्रवाल, रूपाली अग्रवाल, सुलेखा अग्रवाल, सीमा अग्रवाल ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से महिला पर्यवेक्षक मीना सिंह, प्रान्तीय महिला संयोजिका सुप्रिया जरिया सहित अनेक सदस्याएँ मौजूद रही।

# शिक्षक समाज का अगुवा होता है और वह देश के नवनिर्माण और सभ्य समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है : मुक्तेश्वर प्रसाद

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज अखिल भारतीय कायस्थ महासभा गाजीपुर 5680/81 के तत्वावधान में शिक्षक दिवस की पुर्व संध्या पर शिक्षक सम्मान समारोह कासिमाबाद तहसील अन्तर्गत खजूर गांव के गुड्डू श्रीवास्तव के आवास पर और शहर मुख्यालय पर गौतम बुद्ध कालोनी में जनता जनार्दन इंटर कालेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार श्रीवास्तव के आवास पर आयोजित हुआ। इस शिक्षक सम्मान समारोह में खजूर गांव में जनता आदर्श इंटर कालेज गंगौली? के पूर्व प्रवक्ता त्रिलोकी लाल श्रीवास्तव को और गौतमबुद्ध कालोनी में होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज के पुर्व प्राचार्य डॉ. एस.पी. लाल, राजकीय पालीटेक्निक कालेज के पूर्व प्रवक्ता अशोक कुमार श्रीवास्तव और डीएबी इंटर कालेज के पूर्व प्रवक्ता प्रेम कुमार श्रीवास्तव को माल्यार्पण कर और




अंगम् वस्त्रम् तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रान्तीय उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे देश मे गुरु जनों के सम्मान की पुरातन परम्परा रही है। हमारे देश में गुरुजनों को परमात्मा से भी ऊपर का दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक मोमबत्ती की तरह स्वयं को गलाकर पूरी दुनिया को रौशन करने का काम करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का अगुवा होता है और वह देश के नवनिर्माण और सभ्य समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। वह हमारे भविष्य को आकार देने के साथ साथ श्रेष्ठ से श्रेष्ठ करने की प्रेरणा देता है। महासभा के संरक्षक हरिश्चंद्र गौड़ ने गुरू की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इंसान की जिंदगी में उसकी कामयाबी के पीछे माता पिता के साथ साथ शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक अपने शिष्य को आने वाली चुनौतियों के लिए भी तैयार करता है। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात कर उनके दिखायें मार्ग पर चलने की जरूरत है। इस अवसर पर मुख्य रूप से हरिश्चंद्र गौड़, विपिन बिहारी वर्मा,रमेश चंद्र श्रीवास्तव,अमर सिंह राठौर, केशव श्रीवास्तव ,अजय कुमार श्रीवास्तव, राजेश कुमार श्रीवास्तव, चन्द्र मोहन श्रीवास्तव, मोहनलाल श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव,संतोष श्रीवास्तव , मनीष श्रीवास्तव, चन्द्रप्रकाश श्रीवास्तव, परमानन्द श्रीवास्तव, शैल श्रीवास्तव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, विपुल सिन्हा, स्वामी अनिल श्रीवास्तव, नित्यानंद श्रीवास्तव, गुड्डू लाल, हरिओम सहाय, प्रेमचंद सिन्हा, अनुराग श्रीवास्तव, अमरनाथ श्रीवास्तव, विवेकानंद श्रीवास्तव, दुर्गेश लाल श्रीवास्तव एड. बृजेश कुमार श्रीवास्तव, यश श्रीवास्तव, शुभम् श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, मितेश कुमार श्रीवास्तव, प्रांजल शेखर, मोहनलाल श्रीवास्तव, संजय कुमार श्रीवास्तव, आशुतोष कुमार श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। इस समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव एवं संचालन जिला महामंत्री अरूण सहाय ने किया। समारोह के अंत में इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## चार अठारह नौ पढ़े

आप उपदेश देते हैं :

**चार अठारह नौ पढ़े, षट पढ़ खोया मूल।**
**सुरत सबद चीन्है बिना, ज्यों पंछी चंडूल॥**
(संतबाणी संग्रह, भाग 1, पृ. 215

हुज़ूर स्वामी जी महाराज फरमाते हैं :

**सुर्त खैंच चढ़ावो गगनी। धुन शब्द सुनो यह करनी॥**
**सुर्त शब्द कमाई करना। सब जतन दूर अब धरना॥**
**निश्चय दृढ़ इस पर धरना।**
**आलस कर कभी न फिरना॥**
**यह सार सार सब गाया। संतन मत भाख सुनाया॥**
**राधास्वामी भेद लखाया। सुन मान सार समझाया॥**
(सार बचन, 20:10:8, 10-13)

आप उपदेश देते हैं कि सुरत-शब्द का अभ्यास ही एकमात्र सच्ची रूहानी करनी है। इस अभ्यास को छोड़कर अन्य किसी साधन को अपनाना अपने बहुमूल्य समय को व्यर्थ गंवा देना है। आप यह भी कहते हैं कि यह मेरा अलग या अनोखा उपदेश नहीं है, बल्कि यह सब पूर्ण संतों के उपदेश का सार है। गुरु नानक साहिब कहते हैं :

**राम नामि मनु बेधिआ, अवरु कि करी वीचारु॥**
**सबद सुरति सुखु ऊपजै, प्रभ रातउ सुख सारु॥**
(आदि ग्रंथ, पृ. 62)

आप समझा रहे हैं कि मन को वश में करने और प्रभु से मिलाप के परम आनंद को प्राप्त करने का एक ही साधन सुरत-शब्द योग है। इसके बिना किसी दूसरे साधन के बारे में सोचना व्यर्थ है। यही कारण है कि संतों-महात्माओं ने हठ योग, ज्ञान योग, कर्म योग आदि सब साधनों में से ध्यान निकालकर केवल सुरत-शब्द योग अपनाने का उपदेश दिया है।

## सत्य भी सुलभ नहीं है

श्रद्धा सुलभ नहीं है। क्योंकि सत्य सुलभ नहीं है। सत्य के उपलब्ध होते ही श्रद्धा प्राणवन्त बन जाती है। इसलिए मैं आपसे कहूंगा, श्रद्धा की चिन्ता छोड़ो, सत्य का अनुसंधान करो। सत्य के सधते ही श्रद्धा स्वयं सध जाएगी। सत्य की छाया ही सत्य का सत्व है और सत्य का प्रसव ही श्रद्धा है। सत्य की सुता है श्रद्धा! सम्यक् श्रद्धा।

**मन जीते जग जीत**

जितना पुराना मनुष्य का इतिहास है उतना ही पुराना उस द्वारा लड़े गए युद्धों का इतिहास है। विगत तीन हजार वर्षों में मनुष्य ने करीब पांच हजार युद्ध लड़े हैं। यानि प्रतिवर्ष औसतन दो युद्ध मनुष्य लड़ता रहा है। आखिर युद्ध में ऐसा क्या रस है जो मनुष्य युद्धों के प्रति इतना आकर्षित रहा है? आज तक हुए युद्धों का विश्लेषण करें तो अनेक तथ्य उभरकर हमारे सामने आएंगे जो मनुष्य को युद्ध के लिए प्रेरित करते रहे हैं। परन्तु उन तथ्यों का विश्लेषण करना मेरा काम नहीं है। मैं केवल इतना ही स्पष्ट करना चाहता हूं कि युद्ध के प्रति मनुष्य प्रत्येक काल में उत्सुक रहा है। उसकी यह उत्सुकता स्पष्ट करती है कि युद्ध मानव के स्वभाव की गहन प्यास है। उसी प्यास का यह परिणाम है कि वह या तो युद्ध में संलग्न रहता है या फिर युद्ध की तैयारी में संलग्न रहता है। अध्यात्म के क्षेत्र में भी युद्ध की चर्चाएं हुई हैं। युद्ध के प्रति मानव के आकर्षण को पहचान कर ही बुद्ध पुरुषों ने 'युद्ध' शब्द को अध्यात्म के क्षेत्र में प्रवेश दिया है। भगवान महावीर ने कहा, स्वयं से ही युद्ध करो। आत्मा से ही आत्मा को जीतो।



मुनि मणिभद्र

## गीता में योग शब्द का गहरा राज

भगवान श्रीकृष्ण ने अपने उपदेशों में यही कहा है कि जीवन से भागना नहीं, जीवन में जागना सीखो। संसार में बसना सीखो, फंसना नहीं। बसना ठीक है, फंसना ठीक नहीं है। अनास्कत होकर जीना जीवन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हो सकती है, इसलिए गीता में जगह-जगह योग शब्द का प्रयोग हुआ है। चिंतक लोगों ने कहा-क्योंकि कैंची का काम काटने का है, इसलिए दर्जी उसे पांव के नीचे दबाकर रखता है और सूई का काम जोड़ने का है इसलिए उसे अपने कालर में, टोपी में या बांह के कफ में लगाकर रखता है। इस दुनिया में जिसने भी लोगों को काटने की आदत बनाई है, आलोचना करने की, निंदा करने की, बुरा कहने की जिसकी आदत है, कैंची जैसा स्वभाव जिसका है, उसे पैर के नीचे दबाया जाता है और जिसका काम लोगों को जोड़ने का है या मिलाने का है उसे सिर पर बैठाया जाता है या बांहों में लिया जाता है और प्यार दिया जाता है। उसे दुनिया का प्यार मिलेगा, उसे दुनिया का सम्मान मिलेगा, उसे ही तो गले लगाया जाएगा, जिसका काम दूसरों को जोड़ने का है। मिलने का है, उसे सिर पर बैठाया जाता है या बांहों में लिया जाता है और प्यार दिया जाता है। उसे दुनिया का प्यार मिलेगा, उसे दुनिया का सम्मान मिलेगा, उसे ही तो गले लगाया जाएगा, जिसका काम दूसरों को जोड़ने का है। संसार भरमें स्थान-स्थान पर गुण मिल रहे हैं, लेकिन हम लोग गुणग्राहक नहीं हैं। दत्तात्रेय महाराज समझाने लगे हैं कि मैं जिधर भी गया मुझे शिक्षक मिला, गुरु मिला।



सुधांशु जी महाराज

## व्रत एवं त्योहार — सितंबर 2023

| पर्व | तिथि | वार |
|---|---|---|
| चंदन पंचमी | 4 सितंबर | सोमवार |
| हलषष्ठी | 5 सितंबर | मंगलवार |
| श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आंशिक | 6 सितंबर | बुधवार |
| श्रीकृष्ण जन्माष्टमी | 7 सितंबर | गुरुवार |
| नंद उत्सव, गूगा नवमी | 8 सितंबर | शुक्रवार |
| भद्रा | 9 सितंबर | शनिवार |
| अजा एकादशी | 10 सितंबर | रविवार |

## गूगा नवमी का महत्व

गूगा नवमी भाद्रपद की कृष्ण पक्ष की नवमी को मनाया जाता है। इस दिन गोगादेव की पूजा की जाती है। जिसे गूगा नौमी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि गोगादेव साँपों से जीवन की रक्षा करते है। इसमें नाग देवता की भी पूजा की जाती है। गोगा नवमी के दिन जाहरवीर गोगा जी की पूजा करने से गोगा जी महाराज सर्प के काटने से हमारी रक्षा करते हैं। इस दिन गोगा जहार वीर की पूजा के साथ-साथ नाग देवता की पूजा भी की जाती है। गूगा नवमी इस बार 8 सितंबर, शुक्रवार को पड़ रही है।



# पांडवों ने कहा – मुझे कुछ नहीं चाहिए केशव

**हमको कुछ न चाहिए केशव- विजय राज्य सुख अथवा वैभव कौन लाभ जीवित रहने से- भोगों तथा राज्य करने से-**

**सम्बन्ध**-अर्जुन विजय क्यों नहीं चाहते-इसका कारण।

क्योंकि हमें जिनके लिए राज्य, भोग और सुख इत्यादि की अभिलाषा है, वे ही ये सब धन और अपने जीवन की आशा त्यागकर युद्ध के लिए रण भूमि में खड़े हैं।

**राज्य भोग सुख वैभव धन की-जिनके लिए लालसा मन की त्यागे धन जीवन की आशा-वे ही खड़े युद्ध अभिलाषा**

इनमें गुरुजन, ताऊ, चाचा, लड़के और उसी प्रकार ही दादा, मामा, ससुर, पौत्र, साले तथा और भी सम्बन्धी लोग हैं।

**गुरुजन ताऊ चाचा सारे-ससुर पितामह आदि हमारे पुत्र-पौत्र साले अरु समधी-मामा तथा अन्य सम्बन्धी**



प्यारे लाल त्रिवेदी

श्रीमद्भगवद् गीता - सुगम हिंदी व्याख्या

हे मधुसूदन! पृथ्वी का राज्य तो अत्यन्त तुच्छ है। यदि ये मुझे मार भी डालें अथवा चाहे मुझे तीनों लोकों का भी राज्य मिल जाय तो भी मैं इनकी हत्या करना चहीं चाहता।

**मुझ पर करें प्रहार ये सभी -इन्हें न मारूंगा मैं फिर भी चाहे बनूं भूप मैं त्रिभुवन-फिर पृथ्वी क्या है मधुसूदन**

हे जनार्दन! धृतराष्ट्र के पुत्रों को मारकार हमें क्या प्रसन्नता होगी? अर्थात् कदापि प्रसन्नता नहीं होगी। इन अत्याचारियों को मारने से तो हमें पाप ही लगेगा।

**दोहा- वध करके धृतराष्ट्र सुत, होगा दुख संताप।**
**प्रसन्नता होगी नहीं, अपितु लगेगा पाप॥**

अतएव हे माधव! अपने ही बान्धव धृतराष्ट्र-सम्बन्धियों का वध करना हमारे लिए उचित नहीं है, क्योंकि अपने ही स्वजनों को मारकर हम कैसे सुखी होंगे? अर्थात कदापि सुखी नहीं होंगे।

**दोहा- बन्धु कौरवों आदि को, मैं न सकूंगा मार।**
**वध करके निज वंश का, क्या सुख का आधार॥**

यद्यपि लोभ से भ्रष्टचित हुए दुर्योधन आदि कुल का नाश करने से होने वाले दोष को और मित्रों से द्वेष करने में जो पाप होता है उसको ये नहीं देखते, तो भी हे जनार्दन! कुल के नाश से उत्पन्न होने वाले दोषों को जानने वाले हमलोगों को इस पाप से बचने के लिए क्यों नहीं विचार करना चाहिए?

**दोष जो सम्भव कुल विनाश से हों पातक जो मित्र द्वेष से भ्रष्ट विवेक लोभ वश कौरव - दुर्योधन आदिक हे यद्यपि ये सब नहीं देखते - किन्तु विज्ञ हम क्यों न समझते इन पातक दोषों प्रवृत्ति का क्यों न करें चिन्तन निवृत्ति का**

क्योंकि कुल के नाश होने से सनातन कुल-धर्म नष्ट हो जाते हैं, और धर्म के नाश हो जाने पर सम्पूर्ण कुल में पाप भी अत्यधिक बढ़ जाता है।

**कुल के क्षय से हे मधुसूदन- मिट जाते कुल धर्म सनातन हो जाता है नष्ट धर्म जब - घोर पाप होते कुल में तब**

और हे कृष्ण! पाप के अधिक बढ़ जाने से कुल की स्त्रियां दूषित हो जाती हैं और हे वार्ष्णेय! स्त्रियों के दूषित होने पर वर्णसंकर उत्पन्न होता है।



सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

निरंकारी बाबा हरदेव सिंह

## संसार का सुख एक सपना है

इसीलिये संतों ने संसार के सुखों को एक सपने की तरह कहा है। जिन तन-मन-धन पर सांसारिक सुख टिके हैं, वे खुद परिवर्तनशील हैं। आज तन स्वस्थ है, कल रोग का शिकार हो सकता है, अभी मन शांत है, थोड़ी देर में बेचैनी का अनुभव करने लगता है, एक समय में किसी के पास धन की भरमार होती है, थोड़े समय बाद उसे कंगाल होते देखा गया है। पदवियों या प्रशंसा से भी सच्चा सुख प्राप्त नहीं होता। इंसान के जीवन में कभी न कभी, किसी न किसी कारण से कोई न कोई परेशानी आ ही जाती है। उतार-चढ़ाव आने पर उसका मन एकरस नहीं रह पाता। इसका कारण यही है कि ये दुनियावी सुख सदा रहने वाले नहीं है। इस सुख की अवस्था को स्थाई बनाने के लिये परमानंद परमात्मा की जानकारी जरूरी है। सच्चा सुख इस ईश्वर निराकार से नाता जोड़ने में ही है क्योंकि यही अडोल है, सदा रहने वाला है, सत्य-चित्य-आनंद है, यही सर्वसुखों का केंद्र है। इसे पाकर ही परम आनंद प्राप्त होता है। जो इससे जुड़ जाता है, उसकी अवस्था एकरस हो जाती है। समय-समय पर वैज्ञानिकों ने ऐसे आविष्कार किये हैं जिनसे हमारी जीवन की यात्रा आरामदायक हो गई है। इन आरामदायक साधनों का प्रयोग करना कोई पाप नहीं परंतु यह भी याद रखना होगा कि हमारे पास अच्छी गाड़ी है, रहने के लिये अच्छी जगह है, खाने को अच्छे-अच्छे पदार्थ उपलब्ध हैं लेकिन जरा-सा मन में क्रोध या विरोध का भाव आ जाये, किसी के प्रति घृणा, द्वेष जन्म ले ले या फिर शरीर पर ही कोई रोग आक्रमण कर दे तो ये सारे पदार्थ पास होते हुये भी हम बेचैन हो उठते हैं। इसलिये संतों-महापुरुषों ने इंसान को जागरूक किया है कि हे इंसान, तू इन पदार्थों में लिप्त न हो।

## चेतन आत्मा – परमात्मा की कृपा

इस निराकार चेतन आत्मा परमात्मा की कृपा से अर्थात इसकी सत्ता से ही यह जड़ शरीर भी चलने-दौड़ने, खाने-पीने, हंसने-बोलने, लेने-देने आदि नाना प्रकार की चेष्टा रूप क्रिया करता हुआ दिखाई दे रहा है। इस चेतन देव की सत्ता के बिना इस देह के पग भी नहीं उठ सकते, आंखें देख नहीं सकतीं, जिह्वा बोल नहीं सकती इत्यादि। जैसे बल्ब प्रकाश करता है, किंतु बिजली की सत्ता से। पंखा चलता है, किंतु बिजली की सत्ता से। वैसे ही आंखें देखती हैं, कान सुनते हैं, हाथ-पैर हिलते हैं, शरीर व्यवहार करता है, किंतु चेतन आत्मा की सत्ता से। जैसे निराकार बिजली के बिना साकार (दिखाई पड़ने वाला) बल्ब व पंखा आदि खोखे की भांति ज्यों के त्यों पड़े रह जाते हैं, वैसे ही निराकार चेतन आत्मा के बिना साकार सुंदर, हृष्ट-पुष्ट शरीर खोखे की भांति व्यर्थ पड़ा रह जाता है, किसी काम का नहीं रहता। कोई भी चेष्टा नहीं करता।



**निवेदन :** आपने शरीर को संसार क्यों कहा?

**मार्गदर्शन :** जैसे आंख शरीर का अंग है, केवल आंख शरीर नहीं, कान शरीर का एक अंग है। केवल कान शरीर नहीं, हाथ, पैर, पीठ, पेट, दांत, जीभ, चर्म, नख, केश आदि शरीर के एक-एक अंग हैं, किंतु केवल एक अंग ही शरीर नहीं, वैसे ही शरीर भी संसार का एक अंग है। केवल एक व्यक्ति व एक वस्तु मात्र ही संसार नहीं जैसे अनेकों अंग मिलकर शरीर बनता है। वैसे समस्त विश्व प्रपंच की वस्तु व व्यक्ति (प्राणी पदार्थ) मिलकर संसार कहलाते हैं। अत: सिद्ध हुआ कि इस भौतिक जगत का निर्माता व प्रेरक ही चेतन निराकार आत्मा व परमात्मा है। प्रकृति जगत बनने वाली तथा परमात्मा जगत को बनाने वाला है और वही परमात्म देव, जीवात्मा संज्ञा से प्रकृति जन्य जगत व जगत के संयोग से होने वाले दुख-सुख आदि को अनुभव करने वाला है। दृष्यमान जगत परिवर्तनशील है, किंतु द्रष्टा चेतन आत्मदेव अपरिवर्तनशील सदैव एक रस रहने वाला है।

## जब हम भगवान के सामने झुकते हैं

मंदिर में जब देव के सामने झुकते हैं, तो कभी-कभी मन कहता है कि अरे, कहां पाषाण प्रतिमा के सामने झुक रहे हो। ईश्वर तो अमूरत है, क्यों मूर्ति के सामने झुक रहे हो? और जिसने मूर्ति को पकड़ा, उसे परमानेंट ही पकड़ लिया। वो प्राइमरी क्लास से ऊपर उठने का प्रयत्न ही नहीं करता। हमें ये समझ लेना चाहिए कि खुद को परमात्मा से जोड़ने के लिए प्रतीकों का सहारा तो लिया जा सकता है, लेकिन उससे एकाकार होने के लिए अंतत: इस सम्पूर्ण प्रकृति के कण-कण में निराकार परमात्मा का दर्शन करना होता है। भले ही दुनिया तलवार के बल पर अपनी निष्ठाएं तय करती हो लेकिन हमें प्राइमरी क्लास से उस स्थिति तक पहुंचना है, जहां आकर सारी सृष्टि ही परमात्मा स्वरूप हो जाती है। इसके लिए हमें क्रम से यात्रा करनी है। मैं समझती हूं कि सारी मनुष्यता को 'सिविलाईजेशन' देना बड़ी बात है। हमारा दर्शन कहता है कि 'सियाराम मय सब जग जानी। करहु प्रणाम जोरि जुग पाणी॥' हमारी इस विचारधारा के सामने कहां आतंक ठहर सकता है? लेकिन आतताईयों को हमने झेला है। क्यों? क्योंकि हमने गीता को पूरी तरह आत्मस्थ नहीं किया। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने जब भाष्य लिखा तो गीता के प्रथम अध्याय को छोड़कर दूसरे अध्याय से लिखा। प्रथम अध्याय बताता है कि कुरुक्षेत्र के मैदान में विधर्मी एक तरफ है और धर्मी दूसरी तरफ। हिन्दू समाज के अंदर ये मान्यता दिखाई जा रही है कि महाभारत मात्र एक रूपक है। ये इतिहास नहीं है। सबसे बुरी बात ये हुई कि हमने अपने इतिहास को ही झुठलाना शुरू कर दिया। यदि संतानों को धार्मिक शिक्षा देने की बात आती है तो फिर कहां है आज वो धार्मिक शिक्षा? वो ईसाईयत दे रही है, इस्लाम दे रहा है और सब्सिडी पा रहे हैं। तो आज हमारा संघर्ष यही है कि हमारी संतानों को धार्मिक शिक्षा मिले ताकि उन्हें पता चले कि हिन्दू धर्म क्या है। उनके दिलों में अश्रद्धा के जो विषय हैं, आस्था की दुर्बलताओं के कारण जो भटकाव है, उन्हें दूर करना है। लोग इस विषय को बवाल बना रहे हैं कि 'सांई बाबा' की पूजा नहीं करनी चाहिए। मेरा कहना है कि हमें तो इस विषय में पड़ने की जरूरत ही नहीं है, क्योंकि हम तो गोबर को ही गणपति मान लेते हैं।



दीदी मां ऋतंभरा

## गीता के यह उपदेश बदल सकते हैं आपकी जिंदगी, खुल जाएंगे सफलता के सारे मार्ग

हिंदू धार्मिक ग्रंथ श्रीमद्भागवत गीता में भगवान श्री कृष्ण के उपदेशों का जिक्र मिलता है। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन के जरिए इस पूरे संसार को गीता का उपदेश दिया था। बता दें कि भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश तब दिया था। जब उनके कदम कुरुक्षेत्र के युद्ध में भूमि से डगमगाने लगे थे। तब भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जीवन का सार यानी की गीता का उपदेश दिया था। जिसे सुनकर अर्जुन अपने लक्ष्य को पूरा करने की ओर अग्रसर हुए। बताया जाता है कि गीता में जीवन की हर परेशानी का हल मिलता है। बता दें कि गीता में भगवान श्री कृष्ण द्वारा कही गई बातें आज भी व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देती हैं। ऐसे में किसी भी परेशानी का हल पाना है, या फिर सफलता पाने के लिए गीता की कुछ बातों को ध्यान में जरूर रखना चाहिए। कहा जाता है कि जो भी व्यक्ति अपने जीवन में गीता की इन 5 बातों का अनुसरण कर लेता है। उसे हर काम में सफलता जरूर मिलती है। आइए जानते हैं गीता के उन अनमोल वचनों के बारे में जो जीवन की नई राह दिखाते हैं।

**फल की इच्छा छोड़ कर्म पर ध्यान दें**- हिंदू धार्मिक ग्रंथ श्रीमद्भागवत गीता में श्रीकृष्ण ने कहा कि व्यक्ति को फल की इच्छा को छोड़कर अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि जो व्यक्ति जैसा कर्म करता है, उसको अपने कर्म के अनुरूप फल प्राप्त होता है। इसलिए व्यक्ति को हमेशा अच्छे कर्म करते रहना चाहिए।

**स्वयं का करें आकलन**- भगवान श्री कृष्ण ने गीता में बताया है कि व्यक्ति को खुद से बेहतर और कोई नहीं जान सकता है। इसलिए खुद का आकलन करना बेहद जरूरी होता है। गीता के अनुसार, जो व्यक्ति अपनी खामियों और गुणों को जान लेता है। वह एक बेहतर व्यक्तित्व का निर्माण करता है और हर काम में सफलता पाता है।

**क्रोध पर काबू रखें**- कई बार व्यक्ति क्रोध में खुद पर से नियंत्रण खो बैठता है और गलत कार्य कर जाता है। वहीं कई बार व्यक्ति गुस्से में कभी खुद का भी अहित कर बैठता है। गीता में भगवान श्री कृष्ण ने बताया है कि खुद पर कभी भी क्रोध को हावी नहीं होने देना चाहिए। अगर गुस्सा आता भी है तो उस दौरान खुद को शांत रखने का प्रयास करें।

## लक्ष्य प्राप्ति के अंतिम क्षण तक मन बनाकर रखो

लक्ष्य प्राप्ति के अंतिम क्षण तक मन पूरी तरह लक्ष्योन्मुख बना रहे। यह बात भली-भांति मन में बिठा लेनी चाहिए कि साधना पथ की समस्त बाधाएं, विघ्न तथा समस्याएं आत्मविश्वास एवं दृढ़ निश्चय की कमी का ही परिणाम हैं। जहां आत्मविश्वास शिथिल हुआ या निश्चय में कुछ कमी, कुछ ढील आई और लक्ष्य हेतु अभीष्ट तत्परता नहीं रही, वहीं उसी समय आप पाएंगे- कोई न कोई विघ्न बाधा। अत: ऐसा सुदृढ़ निश्चय कर लेना चाहिए कि यदि साधना पथ पर पग बढ़ा दिए हैं तो गति तीव्र से तीव्रतम होती जाए हर पग के साथ। उत्साहहीनता, थकान या प्रमाद कोई अवसर न मिले इस गति में व्यवधान उत्पन्न करने का। ऐसा होगा भी नहीं, हो सकता भी नहीं-यदि आप ठीक ढंग से न्याय कर रहें हों अपने मार्ग से तो। वहां थकान का क्या काम जहां हर पग के साथ मस्ती, आनंद तथा दिव्य शांति बढ़ते जाते हैं, तन-मन एकदम हल्के प्रतीत होते हैं, जीवन में नई बहार एवं नया निखार आने लगता है।

**तनिक भी विलंब न होने दें**

यदि कहीं थकान, उकताहट या प्रमाद या आधिपत्य हो रहा है आप पर तो समझा जाइए कि आपके ध्यान में कोई कमी रह गई है, आप ठीक प्रगति नहीं कर रहें, क्योंकि ध्यान में प्रगति का लक्षण ही यही है- नित्य नवीन उत्साह, बल्कि प्रत्येक बार ध्यान से उठने पर उत्साह में उत्तरोत्तर वृद्धि, भीतर गंभीर शांति का पूर्ण साम्राज्य और उसी के फलस्वरूप शरीर एकदम तरो ताजा, हल्का एवं स्वस्थ। यदि ध्यान में बैठने पर नित्य-नवीन आनंद एवं प्रसन्नता की प्राप्ति हो रही है, पुन:-पुन: ध्यान में बैठने की इच्छा होती है तो समझ लीजिए कि आप प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हैं। यदि कहीं अब भी मन को समझाना पड़ता है, ध्यान में बैठने का उत्साह नहीं है, प्रमाद सवार है तो किसी अनुभवी महापुरुष से संपर्क कीजिए यदि उनकी अनुपस्थिति में किसी ऐसे सत्शास्त्र की सहायता लीजिए जिसमें ध्यान संबंधी उनके अनुभव अंकित हों। इस संबंध में तनिक भी विलंब न होने दें। यदि ध्यान पथ पर पग रखा है तो ऐसा निश्चय करें तथा अंतर्यामी प्रभु से ऐसी अनुनय-विनय भी कि यह पग अब सतत आगे ही बढ़ता जाए। आप कृत संकल्प हैं ध्यान की गहराइयों में प्रवेश करके असीम शांति का अनुभव करने के लिए।

फजाइले अमाल




## बेहतर यह है तकलील न करें

बंदे के नाकिस ख्याल में इस बारे में कौले फैसल भी यही है कि अस्ल सहूर व इफ्तार में तकलील है, मगर हस्बे जरूरत इसमें तगय्युर हो जाता है। मसलन तलबा की जमाअत कि इनके लिए तकलीले तआम, मुनाफा-ए-सौम के हासिल होने के साथ तहसीले इल्म की मर्जरत को शामिल है, इसलिए इनके लिए बेहतर यह है कि तक्लील न करें कि इल्मे दीन की अहमियत शरीअत में बहुत ज्यादा है, इसी तरह जाकिरीन की जमाअत, अला हाजा दूसरी जमाअतें जो तक्लीले तआम की वजह से किसी दीनी काम में अहमियत के साथ मश्गूल न हो सकें। पैगंबर साहब ने एक मर्तबा जिहाद को तशरीफ ले जाते हुए ऐलान फरमा दिया कि सफर में रोजा नेकी नहीं। हालांकि रमजानुल मुबारक का रोजा था, मगर इस जगह जिहाद का तकाबुल आ पड़ा था। अलबत्ता जिस जगह किसी ऐसे दीनी काम में जो रोजे से ज्यादा अहम हो जौफ और कस्ल पैदा न हो, वहां तक्लीले तआम ही मुनासिब है। शरह इक्ना में अल्लामा शैरानी रह. से नकल किया है कि हमसे इस पर अह्द लिए गए कि पेट भरकर खाना न खाएं।

# मजबूत आंकड़ों का बाजार पर रहेगा असर

## उत्साहित निवेशकों की लिवाली से बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत की मजबूती पर रहा दलालपथ



मुंबई (एजेंसी)। विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की हुई लिवाली से बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत की मजबूती पर रहे घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह आर्थिक विकास के मजबूत आंकड़ों का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 500.65 अंक अर्थात 0.8 प्रतिशत की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 65387.16 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 169.5 अंक यानी 0.9 प्रतिशत चढ़कर 19435.30 अंक पर पहुंच गया। वहीं, इस बीच रोजगार वृद्धि चार महीनों में सबसे धीमी रही। लेकिन, खरीददारी का स्तर तेजी से बढ़ा, जो 12 वर्षों में सबसे तेज वृद्धि में से एक है, जिससे मुद्रास्फीति ऊंची बनी हुई। जैसे-जैसे देश की आर्थिक प्रणाली में तेजी आ रही है, बाजार में जोखिम वाली परिसंपत्तियों की मांग बढ़ गई है, जिससे निफ्टी 50 में तेजी का रुख है।

अमेरिकी अनाज का रकबा बढ़ा, जो पिछले सात वर्ष में सबसे अधिक वार्षिक वृद्धि है। ब्राजील की मकई की फसल रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई, और काला सागर क्षेत्र के देशों ने मिलकर गेहूं की कीमतें कम कर दीं। इससे बाजार में घबराहट धीरे-धीरे कम हो गई है। वीआईएस संकेतकों से यह भी पता चलता है कि बाजार आर्थिक प्रणाली के बारे में अपेक्षाकृत आशावादी है लेकिन निकट भविष्य में जोखिम परिसंपत्तियों में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, यूटिलिटीज, तेल एवं गैस और सर्विसेज समेत ग्यारह समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार की पिछले लगातार तीन दिन की तेजी पर ब्रेक लग गया। सेंसेक्स 255.84 अंक लुढ़ककर 64831.41 अंक और निफ्टी 93.65 अंक की गिरावट लेकर 19253.80 अंक पर आ गया। विश्व बाजार के मजबूत रुझान के बीच चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर, अनुमान से अधिक मजबूत रहने की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 555.75 अंक की छलांग लगाकर 65,387.16 अंक और निफ्टी 181.50 अंक उछलकर 19,435.30 अंक पर पहुंच गया।

### छोटी-मझौली कंपनियों में जमकर हुई लिवाली

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे सप्ताहांत पर मिडकैप 717.71 अंक अर्थात 2.3 प्रतिशत उछलकर 31435.62 अंक और स्मॉलकैप 1364.57 अंक यानी 3.8 प्रतिशत की छलांग लगाकर 37420.53 अंक पर रहा।

### पीएमआई सूचकांक भी 58.6 तक बढ़ गया

विश्लेषकों के अनुसार, वर्तमान में, घरेलू आर्थिक प्रणाली का विस्तार जारी है। चालू वित्त वर्ष क पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) फिर से बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गया है, और पीएमआई सूचकांक भी 58.6 तक बढ़ गया है। इसके अलावा, जनवरी 2021 के बाद से नए ऑर्डर में सबसे अधिक वृद्धि हुई, जो लगभग तीन वर्षों में सबसे बड़ी वृद्धि है। चीन और अमेरिका जैसे देशों की मजबूत मांग से निर्यात नौ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### विश्व बाजार में आई तेजी

चीन के अपने संकटग्रस्त बाजार को सहारा देने के लिए उपायों की घोषणा करने के बाद विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, दूरसंचार, कैपिटल गुड्स और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से सोमवार को सेंसेक्स 110.09 अंक की तेजी लेकर 64,996.60 अंक और निफ्टी 40.25 अंक चढ़कर 19,306.05 अंक पर पहुंच गया। चीन के अपने संकटग्रस्त बाजार को सहारा देने के लिए उपायों की घोषणा करने से विश्व बाजार में जारी तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, यूटिलिटीज, धातु, पावर और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी मजबूती रही। सेंसेक्स 79.22 अंक की बढ़त लेकर 65075.82 अंक और निफ्टी 36.60 अंक बढ़कर 19342.65 अंक पर रहा। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सीडी, दूरसंचार, रियल्टी और टेक समेत चौदह समूहों में लिवाली होने के बावजूद बुधवार को सेंसेक्स 11.43 अंक की मामूली बढ़त लेकर 65,087.25 अंक और निफ्टी 4.80 अंक बढ़कर 19347.45 अंक पर सपाट बंद हुआ।

# छत पर सौर क्षमता स्थापना 3.2 प्रतिशत बढ़कर 872 मेगावाट हुई



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में छत पर सौर क्षमता (रूफटॉप सोलर) स्थापना चालू कैलेंडर साल के पहले छह माह (जनवरी-जून) के दौरान 3.2 प्रतिशत बढ़कर 872 मेगावाट (मेगावाट) हो गई है। मेरकॉम इंडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले साल यानी 2022 की पहली छमाही में देश में छत पर 845 मेगावाट की सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित की गई थी। मेरकॉम इंडिया रूफटॉप सोलर मार्केट रिपोर्ट' में कहा गया है कि जून, 2023 के अंत तक भारत में छतों पर स्थापित कुल सौर क्षमता 9.6 गीगावाट (जीडब्ल्यू) पर पहुंच गई है। मेरकॉम कैपिटल समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राज प्रभु ने कहा, कलपुर्जों की कीमतें घटने और बढ़ती मांग के बावजूद पहली छमाही में छत पर सौर क्षमता स्थापना उम्मीद के अनुरूप नहीं रही है। हम दूसरी छमाही में काफी मजबूत स्थिति देख रहे हैं क्योंकि बेहतर मार्जिन की चाहत रखने वाले सौर स्थापना में तेजी ला रहे हैं और मांग को अधिक तेजी से पूरा कर रहे हैं। मेरकॉम ने कहा कि समीक्षाधीन अवधि में क्षमता वृद्धि में आवासीय उपभोक्ताओं का 54 प्रतिशत, औद्योगिक उपभोक्ताओं का 25 प्रतिशत और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं का 21 प्रतिशत हिस्सा रहा। औद्योगिक क्षेत्र की बात की जाए, तो मुख्य रूप से फार्मास्युटिकल्स, रसायन, रोजमर्रा के उपभोग के सामान (एफएमसीजी), वाहन और वाहन कलपुर्जा क्षेत्रों की इकाइयों ने छतों पर सौर क्षमता की स्थापना की। छतों पर कुल सौर क्षमता स्थापना में गुजरात सबसे आगे था। उसके बाद महाराष्ट्र और राजस्थान का स्थान रहा।

# नारियल कृषि-व्यवसाय और निर्यात को बढ़ावा दें : शोभा



तिरुवनंतपुरम । केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने शनिवार को कहा कि छोटे किसानों के लिए लाभकारी रिटर्न सुनिश्चित करने के लिए नारियल की खेती और प्रसंस्करण को एक वाणिज्यिक उद्यम के रूप में शुरू करने तथा निर्यात बाजार को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया है।

सुश्री करंदलाजे ने कासरगोड में आईसीएआर-सीपीसीआरआई के सहयोग से नारियल विकास बोर्ड द्वारा आयोजित 25वें विश्व नारियल दिवस समारोह का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने किसानों से उत्पादन, मूल्य संवर्धन और निर्यात-उन्मुख व्यापार में सुधार के लिए भारत की केंद्र सरकार की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं जैसे किसान सम्मान योजना, पीएम फसल भीम योजना तथा कृषि अवसंरचना कोष का उपयोग करने का आ्रवान किया। उन्होंने प्रसंस्करण और उत्पाद विविधीकरण की ओर बढ़ने की आवश्यकता के बारे में बताया जिससे बेहतर मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए खोपरा-केंद्रित प्रसंस्करण से नीरा, वर्जिन नारियल तेल और नारियल चिप्स जैसे अन्य उत्पादों की ओर बदलाव संभव हो सके।

# विदेशी मुद्रा भंडार तीन करोड़ डॉलर घटा

मुंबई । विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि कमी होने से 25 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन करोड़ डॉलर कम होकर 594.9 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 7.3 अरब डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 25 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 53.8 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 527.3 अरब डॉलर पर आ गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 53 करोड़ डॉलर बढ़कर 44.4 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 1.1 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.2 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 5.1 अरब डॉलर रह गई।

# रिलायंस का मार्केट-कैप 38495 करोड़ रुपए गिरा देश की टॉप-10 कंपनियों में से 7 की वैल्यू घटी

## एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस और बजाज फाइनेंस टॉप गेनर



नई दिल्ली । सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 62,279.74 करोड़ रुपये की गिरावट आई।

सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन घट गया। वहीं एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत में बढ़ोतरी हुई। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 38,495.79 करोड़ रुपये के नुकसान से 16,32,577.99 करोड़ रुपये पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 14,649.7 करोड़ रुपये घटकर 5,88,572.61 करोड़ रुपये पर और भारती एयरटेल का 4,194.49 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 4,84,267.42 करोड़ रुपये रह गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 3,037.83 करोड़ रुपये घटकर 5,50,214.07 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक की 898.8 करोड़ रुपये के नुकसान से 6,78,368.37 करोड़ रुपये रह गई।

टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 512.27 करोड़ रुपये घटकर 12,36,466.64 करोड़ रुपये रह गया। एसबीआई की बाजार हैसियत में 490.86 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 5,08,435.14 करोड़ रुपये रह गई। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 10,917.11 करोड़ रुपये के उछाल से 11,92,752.19 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस का मूल्यांकन 9,338.31 करोड़ रुपये के उछाल से 5,98,917.39 करोड़ रुपये रहा। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 6,562.1 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 4,43,350.96 करोड़ रुपये रहा। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 500.65 अंक या 0.77 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

## टाटा स्टील की ब्रिटिश संयंत्र के लिए धन जुटाने को लेकर सरकार से वार्ता अंतिम चरण में

**लंदन** । टाटा स्टील साउथ वेल्स में अपने पोर्ट टालबोट संयंत्र के लिए ब्रिटेन सरकार से लगभग 50 करोड़ पाउंड की आर्थिक मदद पर सहमति बनाने के लिए सरकार के साथ अंतिम दौर की बातचीत कर रही है। भारत की प्रमुख इस्पात कंपनी ब्रिटेन के सबसे बड़े इस्पात कारखानों के महत्वपूर्ण हरित परिवर्तन के संबंध में लंबे समय से चर्चा में रही है। इसमें देश के इस्पात उद्योग की हजारों नौकरियां शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार दोनों पक्ष इस मामले में सहमति के करीब हैं। टाटा स्टील के प्रवक्ता ने कहा, कि बेहद चुनौतीपूर्ण कारोबारी परिस्थितियों के बीच टाटा स्टील ब्रिटेन में इस्पात विनिर्माण की निरंतरता और कार्बन उत्सर्जन में कमी के लिए ब्रिटेन सरकार के साथ एक रूपरेखा पर चर्चा कर रही है, क्योंकि इसकी कई संपत्तियों की मियाद पूरी होने वाली है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन में हमारे व्यवसाय की वित्तीय रूप से सीमित स्थिति को देखते हुए कोई भी महत्वपूर्ण परिवर्तन केवल सरकारी निवेश और समर्थन से ही संभव है।

## बिक्री लक्ष्य पाने को डीलरों के जरिए दिए गए प्रोत्साहनों पर आईटीसी दावा वैध : जीएसटी एएआर

**नई दिल्ली** ।व्यवसाय पहले से तय बिक्री लक्ष्य को हासिल करने के लिए अगर डीलरों के जरिए सोने के सिक्के और व्हाइट गुड्स का प्रोत्साहन योजना के तहत वितरण करते हैं, तो उन पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का दावा किया जा सकता है। एएआर की कर्नाटक-पीठ ने अपने आदेश में कहा कि प्रोत्साहन योजना के तहत डीलर को व्हाइट गुड्स या सोने के सिक्के खरीदने के लिए किए गए भुगतान पर आईटीसी का लाभ उठाया जा सकता है। ओरिएंट सीमेंट लिमिटेड ने एएआर से संपर्क कर इस बारे में पूछा था कि क्या निर्धारित बिक्री लक्ष्य हासिल करने के लिए उसके डीलरों द्वारा सोने के सिक्कों और व्हाइट गुड्स के वितरण पर आईटीसी का दावा किया जा सकता है। एएआर ने कहा कि उपहार वह चीज है, जो बिना किसी शर्त के दिया जाता है और इसलिए इसे 'उपहार' के दायरे में नहीं रखा जा सकता है।

## ब्रिक्स से जुड़ने वाले छह सदस्यों का जीडीपी में हिस्सा सिर्फ 11 प्रतिशत होगा

**मुंबई** ।उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह ब्रिक्स में जनवरी से जुड़ने जा रहे छह देशों की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में हिस्सेदारी सिर्फ 11 प्रतिशत होगी। एक विश्लेषण के बाद जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि इसमें भी सबसे ज्यादा चार प्रतिशत का हिस्सा सऊदी अरब का होगा। एसबीआई रिसर्च द्वारा किए गए विश्लेषण के अनुसार, पांच सदस्यीय ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) में अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शामिल होने के बाद वैश्विक जीडीपी में समूह की हिस्सेदारी मौजूदा 26 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत हो जाएगी और समूह का वैश्विक आबादी में हिस्सा 46 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा। एक जनवरी, 2024 से प्रभावी हो रहे विस्तार की घोषणा ब्रिक्स की हाल में दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में हुई बैठक में की गई। ब्रिक्स के सकल घरेलू उत्पाद में फिलहाल चीन की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत है, जो एक जनवरी को घटकर 62 प्रतिशत रह जाएगी, वहीं भारत की समूह में जीडीपी हिस्सेदारी मौजूदा के 13 प्रतिशत से घटकर 12 प्रतिशत रह जाएगी। ब्रिक्स के जीडीपी में रूस की हिस्सेदारी आठ प्रतिशत, ब्राजील की सात प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका की दो प्रतिशत है।

## युवा उपभोक्ता ब्रांड के बारे में चर्चा के आधार पर करते हैं खरीदारी का निर्णय'

**नई दिल्ली**।देश में कई युवा उपभोक्ता अपनी खरीदारी का निर्णय किसी ब्रांड के बारे में 'चर्चा' के आधार पर करते हैं। नई पीढ़ी के ब्रांड संस्थापकों ने यह बात कही है। उनका कहना है कि युवा उपभोक्ता उत्पाद के बजाय किसी ब्रांड पर चर्चा के आधार पर खरीद करते हैं। स्थिरता और ब्रांड से जुड़ाव के युग में डी2सी (सीधे उपभोक्ताओं तक) और नई पीढ़ी की कंपनियों के संस्थापकों को लगता है कि उनके बारे में लोगों के विचार सुनकर उपभोक्ता बार-बार खरीदारी करने के लिए प्रेरित होते हैं, लेकिन दूसरों को लगता है कि उपभोक्ता को उत्पाद आश्वस्त करता है, क्योंकि यही उनकी एक समस्या का समाधान करता है। शार्क टैंक से प्रसिद्ध हुए ओरल केयर ब्रांड परफोरा के संस्थापक जतन बावा ने कहा कि लोग एक ऐसे नए ब्रांड की कहानी में दिलचस्पी लेते हैं, जो पुराने ब्रांड के विपरीत यथास्थिति को चुनौती दे रहा है, जिनके संस्थापकों या ब्रांड निर्माण की कहानी अच्छी तरह से ज्ञात नहीं है।

# रियल एस्टेट क्षेत्र पर बैंकों का बकाया कर्ज रिकॉर्ड 28 लाख करोड़ रुपये पर



मुंबई ।आवासीय और वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्र को बैंक कर्ज जुलाई में सालाना आधार पर 38 प्रतिशत बढ़ा है। इससे रियल एस्टेट क्षेत्र का कुल बैंक कर्ज का बकाया रिकॉर्ड 28 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा हाल ही में जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

आरबीआई के बकाया ऋण आंकड़ों और संपत्ति सलाहकारों के घर बिक्री और प्रमुख शहरों में नई परियोजनाओं के आंकड़ों से यह स्पष्ट हो गया है कि रियल एस्टेट क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। आरबीआई के बैंक कर्ज का क्षेत्रवार आवंटन- जुलाई, 2023 के आंकड़ों के अनुसार आवासीय क्षेत्र में बकाया ऋण (प्राथमिकता श्रेणी सहित) जुलाई में सालाना आधार पर 37.4 प्रतिशत बढ़कर 24.28 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्र में बकाया ऋण सालाना आधार पर 38.1 प्रतिशत वृद्धि के साथ 4.07 लाख करोड़ रुपये हो गया। आरबीआई के आंकड़ों पर एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि वाणिज्यिक कार्यालय खंड पिछले साल महामारी के दबाव से जूझ रहा था, क्योंकि कंपनियां पूर्ण रूप से कार्यालय से काम, घर से काम या हाइब्रिड (कहीं से भी काम) मॉडल के आसपास रणनीतियों पर विचार कर रहे थीं। हालांकि, जैसे-जैसे स्थिति सामान्य हुई, कर्मचारी कार्यालयों में लौट आए और इस वर्ष अच्छी गुणवत्ता वाले वाणिज्यिक कार्यालयों की मांग अधिक है।

## बीते सप्ताह सभी खाद्य तेल व तिलहन कीमतों में सुधार का रुख

**नई दिल्ली**।विदेशों में खाद्य तेलों के दाम मजबूत होने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में लगभग सभी खाद्य तेल-तिलहनों के थोक भाव में मजबूती का रुख देखने को मिला। बाजार सूत्रों ने कहा कि अगस्त माह के दौरान विदेशों में खाद्य तेलों के दाम लगभग तीन प्रतिशत मजबूत हुए हैं, क्योंकि मलेशिया और अमेरिका में मौसम की स्थिति को लेकर अस्पष्टता बनी हुई है और इस संबंध में आगामी मौसम की रिपोर्ट आने पर ही स्थिति साफ होगी। उन्होंने कहा कि प्रमुख तेल संगठन इंदौर स्थित 'सोपा' ने भी सोयाबीन उत्पादक राज्यों में शुष्क मौसम के बीच सोयाबीन की उत्पादकता प्रभावित होने की आशंका जताई है और कहा है कि सितंबर में होने वाली बरसात उत्पादन की स्थिति को तय करेगी। मौसम विभाग का अनुमान है कि सितंबर के महीने में बरसात बढ़ेगी।

## सौर गठबंधन के बाद भारत का ऊर्जा बदलाव के लिए जैव ईंधन समूह का प्रस्ताव : मोदी

**नई दिल्ली** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत का जी-20 सदस्य देशों को जैव ईंधन को बढ़ावा देने के लिये वैश्विक गठबंधन का प्रस्ताव हरित ऊर्जा की दिशा में बदलाव को लेकर पर्यावरण अनुकूल जैव ईंधन के उपयोग में तेजी लाने में मददगार होगा। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता देश भारत जी-20 अध्यक्षता के दौरान जैव ईंधन गठबंधन को साकार करने का प्रयास कर रहा है। यह सभी के लिये स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने के मकसद से भारत और फ्रांस की पहल पर 2015 में शुरू हुए 'अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन' को प्रतिबिंबित करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऐसे गठबंधन (जैव ईंधन) का उद्देश्य विकासशील देशों के लिये हरित ऊर्जा बदलाव को आगे बढ़ाने को विकल्प तैयार करना है। जैव ईंधन एक चक्रीय अर्थव्यवस्था (संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग वाली अर्थव्यवस्था) के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। बाजार, व्यापार, प्रौद्योगिकी और नीति समेत अंतरराष्ट्रीय सहयोग से जुड़े सभी पहलू ऐसे अवसर सृजित करने में महत्वपूर्ण हैं। जैव ईंधन स्वच्छ ऊर्जा का स्रोत है।

## निवेशकों को सटीक जानकारी देने के लिए वित्तीय इन्फ्लुएंसर पर लगाम लगाएगा सेबी

**नई दिल्ली** । निवेशकों तक सटीक और निष्पक्ष जानकारी पहुंचाने के लिए बाजार नियामक सेबी वित्तीय 'इन्फ्लूएंसर' पर अंकुश लगाने की तैयारी कर रहा है। वित्तीय इन्फ्लूएंसर डिजिटल मीडिया, चैनल आदि के माध्यम से लोगों को निवेश के बारे में सलाह देते हैं। दरअसल ऐसा पता चला था कि ये वित्तीय इन्फ्लूएंसर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करने के लिए 7.5 लाख रुपये तक लेते हैं और अपनी राय से लोगों के वित्तीय फैसलों को प्रभावित करते हैं। हालाकि, अब इन्हें नियामक के दायरे में आना होगा, क्योंकि भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) इनकी तेजी से बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने की तैयारी कर रहा है। आनंद राठी वेल्थ के उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) फिरोज अजीज ने बताया कि सेबी का प्रस्तावित कदम यह सुनिश्चित करता है कि निवेशकों को सटीक और निष्पक्ष जानकारी मिले।

# अगस्त में यूपीआई ट्रांजेक्शन 1 हजार करोड़ रुपए के पार

नई दिल्ली । अगस्त 2023 में यूपीआई ट्रांजैक्शन की संख्या बढ़कर 1,024 करोड़ हो गई है। वहीं अगस्त में टोटल ट्रांजैक्शंस की वैल्यू यानी लेनदेन की राशि 15.18 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रही है। यह ट्रांजैक्शन पिछले साल इसी महीने के मुकाबले करीब 400 करोड़ ज्यादा है और इसके जरिए ट्रांसफर की गई राशि करीब 5 लाख करोड़ रुपए ज्यादा है। अगस्त 2022 में यूपीआईसे टोटल 658 करोड़ ट्रांजैक्शन किए गए थे। इस साल जुलाई में यूपीआई के जरिए टोटल ट्रांजैक्शन 996 करोड़ रहे थे। 1 हजार करोड़ ट्रांजैक्शन का आंकड़ा पार करने पर एक्सपर्ट्स का मानना है कि इसके अभी और बढ़ने की उम्मीद है। वर्ल्डलाइन इंडिया में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुनील रोंगला ने कहा, पर्सन-टू- मर्चेंट (पीडब्ल्यूएम) यानी यूपीआई ट्रांजैक्शन सालान दर (योओयो) पर 100फीसदी से ज्यादा की गति से बढ़ रहा है। टोटल ट्रांजैक्शन में पीडब्ल्यूएम की हिस्सेदारी पर्सन-टू-पर्सन (पीडब्ल्यूएम) ट्रांजैक्शन की तुलना में ज्यादा है। रोंगला ने कहा कि आने वाले 18 से 24 महीनों में यूपीआई लेनदेन 20 लाख करोड़ के पार हो सकता है। इसमें पर्सन-टू-मर्चेंट (पीडब्ल्यूएम) की बड़ी हिस्सेदारी होगी। इसी साल मार्च में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के सीईओ दिलीप अस्बे ने कहा था कि अगर इस प्लेटफॉर्म में निवेश मिले तो ट्रांजैक्शन के आंकड़े 10 गुना बढ़कर रोज 300 करोड़ तक हो सकते हैं। सर्वत्र टेक्नोलॉजीज के फाउंडर और एमडी मंदार अगाशे ने कहा कि भारत रियल टाइम पेमेंट टेक्नोलॉजी के मामले में एक ग्लोबल लीडर के रूप में सामने आया है। भारत की इस इमेज के लिए यह एक ड्राइविंग फोर्स की तरह खड़ा है।

# कनाडा ने भारत के साथ एफटीए पर जारी वार्ता रोकी : अधिकारी



कनाडा ने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए जारी वार्ता पर रोक लगा दी है। दोनों देश अब भविष्य में आपसी सहमति से इसे बहाल करने पर निर्णय लेंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने पीटीआई-से कहा, कनाडाई पक्ष ने बताया कि वे भारत-कनाडा के बीच प्रारंभिक प्रगति व्यापार समझौते पर वार्ता को रोक रहे हैं। इससे दोनों पक्ष (वार्ता की) प्रगति और अगले कदमों की समीक्षा कर सकेंगे। हम आपसी सहमति से तय करेंगे कि बातचीत कब दोबारा शुरू होगी। व्यापार समझौते पर दोनों देशों के बीच अब तक आधा दर्जन से अधिक दौर की बातचीत हो चुकी है। दोनों देशों ने पिछले साल मार्च में एक अंतरिम समझौते के लिए बातचीत बहाल की, जिसे आधिकारिक तौर पर प्रारंभिक प्रगति व्यापार समझौता (ईपीटीए) कहा गया। ऐसे समझौतों में, दोनों देश अपने बीच व्यापार वाली अधिकतम वस्तुओं पर सीमा शुल्क को काफी कम या समाप्त कर देते हैं। वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश आकर्षित करने के लिए मानदंडों को लचीला बनाते हैं। भारत उद्योग पेशेवरों की आवाजाही के लिए आसान वीजा मानदंडों के अलावा कपड़ा और चमड़े जैसे उत्पादों के लिए शुल्क मुक्त पहुंच चाह रहा था। कनाडा की रुचि डेयरी और कृषि उत्पाद, जैसे क्षेत्रों में है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 8.16 अरब डॉलर हो गया है, जो वित्त वर्ष 2021-22 में सात अरब डॉलर था।



# मेदवेदेव, रुबलेव, अल्काराज और ज्वेरेव प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

## यूएस ओपन: लगातार 12 जीत के बाद सेबैस्टियन बाएज को मिली हार



**न्यूयॉर्क,(एजेंसी)।** रूस के डेनिल मेदवेदेव, उनके हमवतन आंद्रे रुबलेव, जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव और स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर यूएस ओपन 2023 के प्री-क्वार्टरफाइनल में कदम रखा।

मेदवेदेव ने अर्जेंटीना के सेबैस्टियन बाएज का विजय रथ रोकते हुए उन्हें 6-2, 6-1 7-6(6) से हराकर प्री-क्वॉर्टरफाइनल में प्रवेश किया। बाएज पिछले 12 मुकाबले जीतकर तीसरे दौर में आ रहे थे। शुरुआती दो सेट एकतरफा रूप से जीतने के बाद मेदवेदेव को तीसरे सेट में बाएज से कड़ी टक्कर मिली। बाएज ने मेदवेदेव के फोरहैंड का मजबूती से जवाब देते हुए तीसरे सेट में 5-2 की बढ़त बना ली लेकिन इसके बाद बारिश ने मैच में खलल डाल दिया। मेदवेदेव ने खेल दोबारा शुरू होने के बाद वापसी करते हुए 4-5 पर सर्विस हासिल की। बाएज के लिए लगातार अप्रत्याशित गलतियां करना भारी पड़ा और वह टाईब्रेकर में 6/6 पर गलती करके मुकाबला हार गए।

स्पेन के अल्काराज ने चार सेट तक चले मैच में 26वीं वरीयता प्राप्त डैन इवान्स को 6-2, 6-3, 4-6, 6-3 से हराया। अल्कराज मैच में किसी भी समय तनाव में नहीं दिखे और इस बीच दर्शकों का भी उनको भरपूर समर्थन मिला। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए अल्कराज को इटली के 22 वर्षीय मैटियो अर्नाल्डी का सामना करना होगा।

रुबलेव ने फ्रांस के आर्थर रडरनेक को 3-6, 6-3, 6-1, 7-5 से हराया। ज्वेरेव ने बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-7(2), 7-6(8), 6-1, 6-1 से मात दी। मेदवेदेव ने जीत के बाद कहा, मुझे ऐसा लगा कि हम दोनों अच्छा खेल रहे थे, यहां तक कि पहले दो सेटों में भी। मैं सही मौकों पर थोड़ा बेहतर खेला, सब कुछ मेरे हिसाब से हो रहा था। थोड़ा भाग्य का भी साथ रहा और मेरे अच्छे खेल ने भी मुझे सेट में बनाए रखा। अगले दौर में मेदवेदेव का सामना ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर से होगा।

### महिला एकल में जेसिका पेगुला और मेडिसन कीज चौथे दौर में, एलिना स्वितोलिना बाहर

महिला वर्ग में जेसिका पेगुला ने भी चौथे दौर में जगह बनाई। जहां उनका सामना हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी मेडिसन कीज से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका भी प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है जहां उन्हें 13वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसातकिना का सामना करना है। पांचवीं वरीयता प्राप्त ओन्स जाबेउर भी आगे बढ़ने में सफल रही। उनका अगला मुकाबला 23वीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन से होगा। पेगुला ने एलिना स्वितोलिना को 6-4, 4-6, 6-2 से जबकि कीज ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 14वीं वरीय ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 5-7, 6-2, 6-2 से हराया। अन्य मैचों में जाबेउर ने 31वीं वरीयता प्राप्त मैरी बौजकोवा को 5-7, 7-6 (5), 6-3 से पराजित किया। चौथे दौर में उनकी प्रतिद्वंदी झेंग क्विनवेन ने लूसिया ब्रॉन्जेटी को 6-3, 4-6, 6-4 से हराया।

### बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक 25 सितंबर को

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** बीसीसीआई के सभी पदाधिकारी अपने पदों पर बने रहेंगे क्योंकि देश में क्रिकेट की संचालन संस्था एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप से पहले 25 सितंबर को गोवा में वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आयोजन करेगी। बीसीसीआई की पिछली एजीएम 22 अक्टूबर 2022 को हुई थी। इस साल 27 मई को विशेष आम सभा (एसजीएम) का आयोजन किया गया था। एजीएम के एजेंडा में पहला बिंदु बैठक में लिए फैसलों को अंतिम रूप देना है। आगामी बैठक के एजेंडे में कुल 18 बिंदु हैं जिसमें लोकपाल और आचरण अधिकारी की नियुक्ति के साथ-साथ पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले विश्व कप की तैयारियों को अंतिम रूप देना भी शामिल है। इसके अलावा एजेंडे में आईसीसीमें बीसीसीआई के प्रतिनिधि की नियुक्ति शामिल है।

### जिम्बाब्वे के पूर्व क्रिकेटर हीथ स्ट्रीक का निधन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर हीथ स्ट्रीक का 49 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। हीथ की पत्नी नेडिन स्ट्रीक ने रविवार को इसकी पुष्टि की। नेडिन ने फेसबुक पर लिखा, सुबह के शुरुआती घंटों में रविवार, तीन सितंबर 2023 को मेरे जीवन का सबसे बड़ा प्यार और मेरे खूबसूरत बच्चों के पिता को स्वर्गदूतों के पास ले जाया गया। वह अपने अंतिम दिन घर में परिवार और निकटतम प्रियजनों के साथ बिताना चाहते थे। वह प्रेम और शांति से सराबोर थे। हमारी आत्माएं अनंतकाल के लिए एक हो गई हैं स्ट्रीकी। हम फिर मिलेंगे। साल 2000 से 2004 के बीच जिम्बाब्वे के कप्तान रहे स्ट्रीक ने अपने देश के लिये 65 टेस्ट और 189 एकदिवसीय मैच खेले। स्ट्रीक 100 टेस्ट विकेट लेने वाले जिम्बाब्वे के एकमात्र क्रिकेटर हैं । और उन्होंने अपने 12 साल के करियर के दौरान अक्सर लड़खड़ाती गेंदबाजी इकाई को अकेले ही संभाला है। स्ट्रीक मुख्य रूप से अपनी तेज गेंदबाजी के लिये पहचाने जाते थे लेकिन उन्होंने अपनी टीम के मध्यक्रम में बल्ले से भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# भारत-नेपाल वनडे में पहली बार होंगे आमने-सामने, मैच पर बारिश का साया

## एशिया कप: आज जीत के साथ सुपर-4 में जगह पक्की करने उतरेगी टीम इंडिया

**पल्लेकेले (एजेंसी)।** बारिश के कारण पाकिस्तान के खिलाफ पहला मैच रद्द होने के बाद भारतीय टीम सोमवार को नेपाल से भिड़ेंगी। ग्रुप-ए के इस मैच में भारतीय टीम की निगाहें जीत दर्ज कर एशिया कप 2023 के सुपर चार में जगह बनाने पर होंगी। भारत और नेपाल की टीम वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार आमने-सामने होगी।

पाकिस्तान ग्रुप ए से पहले ही सुपर चार में जगह बना चुका है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द होने से भारत का एक अंक है। सोमवार को होने वाला मैच भी बारिश का साया रहेगा। भारत दो अंकों के साथ सुपर चार में पहुंच जाएगा लेकिन रोहित शर्मा और उनके साथी निश्चित तौर पर इस तरह से आगे नहीं बढ़ना चाहेंगे। टीम प्रबंधन यह देखने के लिए बेताब होगा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 10 ओवर करने और 50 ओवर तक क्षेत्ररक्षण करने में किस हद तक सक्षम हैं। नेपाल टूर्नामेंट के पहले मैच में पाकिस्तान से 238 रन से हार गया था और उसका लक्ष्य अब भारत के सामने कुछ चुनौती पेश करने का होगा। उसकी उम्मीदें लेग स्पिनर संदीप लामिछाने और कप्तान रोहित पौडेल पर टिकी होंगी।



### पाक के खिलाफ इशान किशन हार्दिक पंड्या ने दिखाया दम

पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भारत के लिए कुछ सकारात्मक पहलू रहे, जिन्हें वह टूर्नामेंट में आगे भी जारी रखना चाहेगा। पाक के खिलाफ भारत का शीर्षक्रम के फेल होने के बाद इशान किशन और हार्दिक ने 138 रन की साझेदारी की। नेपाल का गेंदबाजी आक्रमण पाक की तरह मजबूत नहीं है और ऐसे में किशन आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते दिख सकते है। पंड्या की अर्धशतकीय पारी से भी टीम प्रबंधन खुश होगा।

**शीर्षक्रम का खराब प्रदर्शन भारत के लिए समस्या:** पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों के सामने भारत के शीर्षक्रम के चार बल्लेबाज रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर नहीं चल पाए और टीम प्रबंधन चाहेगा कि यह चारों बल्लेबाज जल्द से जल्द खुद को वनडे क्रिकेट के अनुकूल ढाल दें।

### मौसम का मिजाज

पल्लेकेले स्टेडियम कैंडी में खेले जाने वाले भारत-नेपाल मैच में बारिश की 89 फीसदी आसार हैं। सोमवार की सुबह बारिश की लगभग 60 फीसदी संभावना है। हालांकि, टॉस के समय (भारतीय समयानुसार दोपहर 2: 30 बजे) से शाम छह बजे तक बारिश की संभावना 22 फीसदी है। खेल के दूसरे भाग में बारिश की संभावना 66 फीसदी हो जाएगी। तापमान 27 से 21 डिग्री सेल्सियस तक हो सकता है।

### पिच रिपोर्ट

पल्लेकेले स्टेडियम की पिच थोड़ी सी धीमी खेलती है। इस पिच पर बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों को ही मदद मिलती है। इस पिच पर नई गेंद से तेज गेंदबाजों को स्विंग और उछाल मिलता है। इस पिच पर जैसे जैसे गेंद पुरानी होती चली जाएगी तब बल्लेबाजों के लिए रन बनाना आसान हो जाएगा। वहीं स्पिनर्स को भी मिडिल ओवर्स में मदद मिलती। इस पिच पर वनडे में पहली पारी का औसत स्कोर 248 रन और दूसरी पारी का औसत स्कोर 201 रन ही है।

### सुपर फोर के आयोजन स्थल में बदलाव की संभावना

कोलंबो में हो रही भारी बारिश के कारण एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) एशिया कप के सुपर फोर चरण के मैचों के आयोजन स्थल में बदलाव पर विचार कर रही है। सुपर फोर चरण के पांच मैच और फाइनल नौ सितंबर से कोलंबो में खेले जाने है लेकिन वहां बारिश से राहत मिलने की संभावना कम दिख रही है। कोलंबो में बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए एसीसी मैच स्थल के संभावित परिवर्तन के बारे में एसएलसी और टूर्नामेंट के मेजबान पीसीबी के साथ चर्चा कर रहा है। कोलंबो की जगह आयोजन स्थल के लिए पल्लेकेले, दांबुला और हंबनटोटा जैसे स्थलों को लेकर चर्चा जारी है।

### दोनों टीमें

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, इशान किशन, हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा।

**नेपाल:** रोहित पौडेल (कप्तान), कुशल भुर्टेल, आसिफ शेख, भीम शर्की, कुशल मल्ला, आरिफ शेख, दीपेंद्र सिंह ऐरी, गुलशन झा, सोमपाल कामी, करण केसी, संदीप लामिछाने, ललित राजबंशी, प्रतीश जीसी, मौसम ढकाल, संदीप जोरा , किशोर महतो, अर्जुन साउद।

### मैच रद्द होने पर भी भारत सुपर-4 में क्वॉलीफाई करेगा

ग्रुप-ए से पाकिस्तान की टीम तीन अंक के साथ पहले ही सुपर-4 चरण में अपनी जगह पक्की कर चुका है। बारिश के कारण भारत- नेपाल मैच रद्द होने पर भी भारत सुपर-4 में क्वॉलीफाई कर लेगा। मैच रद्द होने की स्थिति में भारत और नेपाल एक-एक अंक दिए जाएंगे। इसके बाद भारतीय टीम के पास दो अंक होंगे जबकि नेपाल के पास एक अंक होगा।

### मुंबई लौटे बुमराह, नेपाल के खिलाफ नहीं खेलेंगे

भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह निजी कारणों से स्वदेश लौट आये हैं और नेपाल के खिलाफ मुकाबले में हिस्सा नहीं लेंगे। रिपोर्ट अनुसार, वे (भारत) जसप्रीत बुमराह के बिना होंगे, जो सिर्फ एक मैच के लिये व्यक्तिगत कारणों से घर लौट आए हैं। बुमराह हालांकि पूरी तरह फिट है और अगर भारत सुपर-चार चरण में जगह बनाता है तो वह मैदान पर उतरेंगे। नेपाल के विरुद्ध बुमराह की जगह मोहम्मद शमी को मौका दिया जा सकता है।

# मिराज, शान्तो के शतकों से बांग्लादेश विजयी

## एशिया कप में अफगानिस्तान को 89 रन हराया



**लाहौर, (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने एशिया कप के ग्रुप बी मुकाबले में रविवार को अफगानिस्तान को 89 रन से हराकर सुपर फोर चरण में पहुंचने की अपनी उम्मीदें कायम रखी है। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 334 रन बनाए। जबाव में अफगानिस्तान 44.3 ओवर में 245 रन पर ऑलआउट हो गया।

अफगानिस्तान के लिए इब्राहिम जदरान ने सबसे ज्यादा 75 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए तस्कीन अहमद ने चार और शरीफुल इस्लाम ने तीन विकेट चटकाये। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और मिराज ने मोहम्मद नईम के साथ मिलकर पहले ओवर से ही मोर्चा संभाल लिया। मिराज-नईम ने पहले विकेट के लिए 10 ओवर में 60 रन की साझेदारी की, हालांकि अफगानिस्तान ने चार गेंद के अंदर दो विकेट गिराकर मैच में वापसी की। मुजीब उर रहमान ने नईम (28 रन) को आउट कर साझेदारी तोड़ी, जबकि गुलबदिन नाइब ने तौहीद हृदोय को शून्य रन पर पवेलियन भेज दिया। नईम और हृदोय के विकेट हालांकि बंगलादेश को बैकफुट पर नहीं धकेल सके। मिराज और शान्तो ने इसके बाद अपने-अपने शतक पूरे करते हुए 195 रन की विशाल साझेदारी कर डाली। मिराज 112 रन बनाकर रिटायर हर्ट हो गए, जबकि शान्तो ने 45वें ओवर में रनआउट होने से पहले 104 रन बनाए। अफगानिस्तान की ओर से मुजीब ने 10 ओवर में 62 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि नाइब ने आठ ओवर में 58 रन देकर एक सफलता हासिल की।

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मोहम्मद नईम बो. मुजीब | 28 | 32 | 5/0 |
| मिराज हसन रिटायर्ड हर्ट | 112 | 119 | 7/3 |
| तौहीद कै. जदरान बो. नईब | 00 | 02 | 0/0 |
| नजमुल शान्तो रन आउट | 104 | 105 | 9/2 |
| मुशफिकुर रहीम रन आउट | 25 | 15 | 1/1 |
| शाकिब अल हसन नाबाद | 32 | 18 | 4/1 |
| शमीम हुसैन रन आउट | 11 | 06 | 0/1 |
| अफिफ हुसैन ध्रुबो नाबाद | 04 | 03 | 0/0 |

**अतिरिक्तः** 18, **कुलः** 50 ओवर में पांच विकेट पर 334 रन **विकेट पतनः** 1-60 , 2-63, 2-257*, 3-278, 4-294 , 5-324 **गेंदबाजीः** फजलहक फारूकी6-1-53-0, मुजीब उर रहमान 10-0-62- 1, गुलबदीन नईब 8-0-58-1, करीम जनत 6-0-39-0, मोहम्मद नबी 10-0-50-0, राशिद खान 10-1-66-0.

| अफगानिस्तान | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| गुरबाज पगबाधा इस्लाम | 01 | 07 | 0/0 |
| जदरान कै. रहीम बो. महमूद | 75 | 74 | 10/1 |
| रहमत शाह बो. तस्किन | 33 | 57 | 5/0 |
| शहीदी कै. महमूद बो. इस्लाम | 51 | 60 | 6/0 |
| न. जदरान बो. मिराज | 17 | 25 | 2/0 |
| नबी कै. ध्रुबो बो. तस्किन | 03 | 06 | 0/0 |
| गुलबदीन नईब बो. शोरिफुल | 15 | 13 | 1/1 |
| करीम जनत रन आउट | 01 | 01 | 0/0 |
| राशिद कै. शाकिब बो. तस्किन | 24 | 15 | 3/1 |
| रहमान हिट विकेट बो. तस्किन | 04 | 08 | 0/0 |
| फजलहक फारूकी नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्तः** 20, **कुल** : 44.3 ओवर में 245 रन पर ऑल आउट , **विकेट पतनः** 1-1, 2-79, 3-131, 4-193, 5-196, 6-212, 7-214 , 8-221, 9-244, 10-245, **गेंदबाजीः** तस्किन अहमद 8.3-0-44-4, शोरिफुल इस्लाम 9-1-36-3, हसन महमूद 9-1-61- 1, शाकिब अल हसन 8-0-44-0, अफिफ हुसैन ध्रुबो 1-0-6-0, मेहदी हसन मिराज 8-0-41-1, शमीम हुसैन 1-0-10-0.

# हरमनप्रीत कौर डब्ल्यूबीबीएल ड्राफ्ट में चयनित होने वाली इकलौती भारतीय

**मेलबर्न, (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के विदेशी ड्राफ्ट में चुनी जाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी थीं, जिन्हें रविवार को मेलबर्न रेनेगेड्स ने अपने पास बरकरार रखा।

यास्तिका भाटिया, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा सहित कुल 18 भारतीय खिलाड़ियों का नाम डब्ल्यूबीबीएल के विदेशी ड्राफ्ट में शामिल था, लेकिन हरमनप्रीत के अलावा किसी को भी फ्रेंचाइजी नहीं मिली। रेनेगेड्स ने प्लैटिनम श्रेणी में मौजूद हरमनप्रीत और वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज को अपने पास बरकरार रखा।



हरमनप्रीत ने 2021-22 सीजन के दौरान रेनेगेड्स के लिए 12 पारियों में 58.00 की औसत और 130.96 के स्ट्राइक रेट से 406 रन बनाए, जिसमें तीन अर्धशतक और नाबाद 81 रन का शीर्ष स्कोर शामिल रहा।

# ऑस्ट्रेलिया ने द. अफ्रीका को किया क्लीन स्वीप

### तीसरे टी20 में मेजबान को पांच विकेट से हराया

**डरबन।** ऑस्ट्रेलिया ने शॉन ऐबट (31/4) की घातक गेंदबाजी और ट्राविस हेड (48 गेंद, 91 रन) की धुआंधार बल्लेबाजी की बदौलत तीसरे टी20 में मेजबान दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के सामने 20 ओवर में 191 रन का लक्ष्य रखा, जिसे मेहमान टीम ने 13 गेंद रहते हुए हासिल कर लिया। रीजा हेन्ड्रिक्स ने 42 रन, कप्तान मार्करम 41 रन रन की पारी खेली। अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे डॉनोवन फरेरा ने 48 रन बनाए। कंगारू टीम ने शुरुआत की और दो विकेट गंवाने के बावजूद पावरप्ले में 63 रन जोड़ लिए। इस बार हेड ने ऑस्ट्रेलिया की आतिशी बल्लेबाजी की अगुआई की। इसके अलावा जॉश इंग्लिस ने भी 22 गेंद पर 42 रन का योगदान दिया।



### तीसरे टी-20 में न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को हराया

**बर्मिंघम, (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाज फिन ऐलन (83) और ग्लेन फिलिप्स (69) की ताबड़तोड़ पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में रविवार को यहां इंग्लैंड को 74 रन से करारी शिकस्त देकर चार मैचों की सीरीज में शानदार वापसी की। सीरीज की शुरुआत दोनों मैचों में हार का सामना करने वाली न्यूजीलैंड की टीम ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 202 रन बनाने के बाद इंग्लैंड की पारी को 18.3 ओवर में 128 रन पर समेट दी। इंग्लैंड के लिए कप्तान जोस बटलर ने 21 गेंद में 40 रन और मोईन अली ने 16 गेंद में 26 रन बनाकर कुछ हद तक संघर्ष किया लेकिन दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 37 रन की साझेदारी टूटने के बाद टीम की पारी लड़खड़ा गयी। न्यूजीलैंड के लिए काइल जैमीसन ने और ईश सोढ़ी ने 33 रन देकर तीन-तीन विकेट लिए।

### साबले जियामेन डायमंड लीग में पांचवें स्थान पर रहे, डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने शनिवार को जियामेन डायमंड लीग चरण की पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपचलेस स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहकर इस महीने के अंत में अमेरिका के यूजीन में होने वाले ग्रांड फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। साबले (28 वर्ष) पिछले महीने हंगरी में विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहे थे। उन्होंने शनिवार को आठ मिनट 16.27 सेकेंड का समय निकाला लेकिन यह उनके सत्र के सर्वश्रेष्ठ 8:11.63 और राष्ट्रीय रिकॉर्ड 8:11.20 के समय से काफी कम रहा। ओलंपिक और विश्व चैम्पियन मोरक्को के सोफियाने एल बक्काली ने आठ मिनट 10.31 सेकेंड के समय से रेस जीती। इथियोपिया के सैमुअल फिरेवु (8:11.29) दूसरे और कीनिया के अमोस सेरेम (8:14.41) तीसरे स्थान पर रहे। वर्ष 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता साबले ने रेस से चार अंक जुटाये जिससे इस सत्र की चार लीग से उनके कुल 11 अंक हो गये। इससे उन्होंने छठे स्थान से 16 सितंबर को अमेरिका के यूजीन में होने वाले डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। वह पहली बार डायमंड लीग के फाइनल में हिस्सा लेंगे। ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा (16 सितंबर) और लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर (17 सितंबर) भी डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। इस साल डायमंड लीग की पिछली तीन प्रतियोगिताओं में साबले मोरक्को के रबात में 10वें, स्टॉकहोम में पांचवें और पोलैंड के सिलेसिया में छठे स्थान पर रहे थे। पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी प्रवीण चित्रावेल 16.42 मीटर के प्रयास से पांचवें और अब्दुल्ला अबूबाकर 16.25 मीटर के प्रयास से छठे स्थान पर रहे। दोनों डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहे क्योंकि वे तालिका में क्रमशः नौवें और 10वें स्थान पर रहे। फील्ड स्पर्धा में तालिका में शीर्ष छठ पर रहने वाले और रेस में शीर्ष 10 पर रहने वाले एथलीट डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं।

# पाक के तेज गेंदबाज सोहेल खान ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज सोहेल खान ने इंटरनेशनल और फर्स्ट क्लास क्रिकेट को अलविदा कह दिया है।

सोहेल खान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, अपने करीबी लोगों के साथ काफी सलाह-मशवरा करने के बाद मैंने इंटरनेशनल और फर्स्ट क्लास क्रिकेट से रिटायरमेंट लेने का फैसला किया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड, मेरे परिवार, कोच, मेंटोर्स, टीम के साथियों, फैंस समेत उन सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन्होंने मुझे सपोर्ट किया। मैं डोमेस्टिक व्हाइट बॉल और फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखूंगा। सोहेल ने वर्ल्ड कप 2015 में एडिलेड के मैदान पर टीम इंडिया के विरुद्ध 5 विकेट चटकाए थे। उन्होंने रोहित शर्मा, विराट कोहली, सुरेश रैना, एमएस धोनी और अजिंक्य रहाणे जैसे धाकड़ खिलाड़ियों को अपने जाल में फंसाया था। सोहेल ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 2008 में कदम रखा लेकिन वह पाकिस्तान टीम में जगह पक्की करने में सफल नहीं हो सके। सोहेल खान ने पाकिस्तान के लिए 9 टेस्ट, 13 वनडे और 5 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले, जिसमें उन्होंने क्रमश। 27, 19 और 5 विकेट चटकाए। वहीं, 121 फर्स्ट क्लास मैचों में सोहेल खान ने 516 विकेट हासिल किए।

### 132वां डूरंड कप — टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम बनी मोहन बागान

# मोहन बागान ने 17वीं बार जीता खिताब

**कोलकाता, (एजेंसी)।** दिमित्री पेट्राटोस के मैच के एकमात्र गोल की मदद से मोहन बागान सुपर जाइंट ने रविवार को फाइनल मैच में क्रॉस-टाउन प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल को 1-0 से हराकर 132वें डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता।



वह रिकॉर्ड 17वीं बार चैंपियन बना है। मोहन बागान 17वीं बार यह खिताब जीतकर टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम बन गई है। सर्वाधिक खिताब के मामले में उन्होंने ईस्ट बंगाल का रिकॉर्ड तोड़ा। जिन्होंने अब तक 16 बार यह कप जीता हैं। ऑर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने सात और जेसीटी एफसी ने पांच बार खिताब अपने नाम किया है। इस मैच के दौरान स्टेडियम में लगभग 50,000 प्रशंसक मौजूद थे। अनिरुद्ध थापा को 62वें मिनट में मैच से बाहर किए जाने के बाद मोहन बागान को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

### 23 साल बाद चैंपियन बना मोहन बागान

मोहन बागान 23 साल बाद डूरंड कप चैंपियन बना। उन्होंने पिछला खिताब 2000 में महिंद्रा यूनाईटेड को गोल्डन गोल के जरिए हराकर जीता था। मौजूदा इंडियन सुपर लीग चैंपियन मोहन बागान ने साल 2000 के बाद 2004, 2009 और 2019 में फाइनल में जगह बनाई। हालांकि, एक भी बार उन्हें सफलता नहीं मिली थी। वहीं ईस्ट बंगाल की टीम के पास 2004 के बाद पहली बार चैंपियन बनने का मौका था, लेकिन उसे निराशा हाथ लगी।

### डूरंड कप 2023 पुरस्कार

- गोल्डन बूट- डेविड लालह्लानसंगा-छह गोल (मोहम्मडन स्पोर्टिंग)
- गोल्डन ग्लव्स- प्रभुसुकन गिल (इमामी ईस्ट बंगाल)
- गोल्डन बॉल - नंदकुमार शेखर (इमामी ईस्ट बंगाल)

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान मिशन की सफलता के बाद अब सूर्य की ओर भी अपने मिशन को रवाना कर दिया है। दुनिया के सामने बहुत कम समय के अंतराल में भी भारत ने अपने अंतरिक्ष विज्ञान की दो बड़ी मिसालें पेश कर दीं। आपको बता दें कि सूर्य मिशन का नेतृत्व करने वाली भारत की महिला वैज्ञानिक निगार शाजी हैं। 59 साल की शाजी ने कहा, यह एक सपने के साकार होने की तरह है। हमें पूरा विश्वास है कि पीएसएलवी हमारे आदित्य-एल-1 को सही जगह पर स्थापित करने में कामयाब होगा। इसके बाद ना केवल भारत बल्कि दुनिया को यह मिशन बहुत कुछ देने वाला है।

## दुनियाभर में हो रही निगार शाजी की चर्चा

# महिला वैज्ञानिक के हाथ में इसरो के सूर्य मिशन की कमान

## तमिलनाडु के तेनकासी जिले की हैं शाजी, किसान परिवार से हैं आती

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

निगार शाजी तमिलनाडु के तेनकासी जिले की रहने वाली हैं और एक किसान परिवार से आती हैं। उन्होंने तिरुनेवेली गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज से इलेक्ट्रॉनिक्स ऐंड कम्युनिकेशन में इंजीनियरिंग की और इसके बाद बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी रांची से मास्टर्स पूरा किया। इसके बाद ही 1987 में वह सतीशधवन स्पेस सेंटर से जुड़ गईं। बाद में वह यूआर राव सैटलाइट टीम मे शामिल हो गईं। शाजी एक कम्युनिकेशन और अंतरग्रहीय उपग्रह कार्यक्रमों के लिए एक्सपर्ट के तौर पर काम करती हैं। सूर्य मिशन की वह प्रोजेक्ट डायरेक्टर हैं। इसके अलावा वह भारत के रिमोट सेंसिंग सैटलाइट रिसोर्ससैट-2A की भी असोसिएटट प्रोजेक्ट डायरेक्टर रह चुकी हैं।



### एक और महिला वैज्ञानिक अन्नापूर्णी

शाजी के साथ एक और महिला वैज्ञानिक का इस मिशन में बड़ा योगदान है। उनका नाम है अन्नापूर्णी सुब्रमण्यम। वह इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ ऐस्ट्रोफिजिक्स की डायरेक्टर हैं। इसी इंस्टिट्यूट ने आदित्य एल-1 मिशन का प्रमुख पेलोड डिजाइन किया है जिससे की सूर्य का अध्ययन किया जाएगा। सुब्रमण्यम केरल के पलक्कड़ जिले के एक गांव की रहने वाली हैं। उनका परिवार संगीत से संबंध रखता है। हालांकि उन्होंने आईआईए से फिजिक्स में पीएचडी की। आदित्यन एल-1 मिशन में लगे वीईएलसी का डिजाइन उनके ही नेतृत्व में तैयार किया गया है। यह एक कोरोनोग्राफ है जो कि सूर्य ग्रहण के दौरान भी सूर्य को देखता रहेगा। इस मिशन के जरिए पहली बार संभव होगा कि हम सूर्य के अंदर झांककर देख पाएंगे।

### भारत का पहला बड़ा प्रयास

बता दें कि शनिवार को इसरो ने अपने महत्वाकांक्षी सौर मिशन आदित्य एल-1 को लॉन्च कर दिया है। इसके साथ सात पेलोड हैं। यह पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर लैग्रेंजियन बिंदु एल-1 पर रहकर सूर्य का अध्ययन करेगा। यह एक ऐसा बिंदु है जहां कोई भी वस्तु रुक जाएगी। यह भारत का सूर्य के अध्ययन का पहला बड़ा प्रयास है।

## खबर संक्षेप

### 300 ट्रेनों को किया गया कैंसिल और बदला रूट



नई दिल्ली। देश की राजधानी में जी-20 समिट के लिए दुनिया भर के दिग्गजों का जमावड़ा 9-10 सितंबर में होने वाला है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कई रूटों को प्रतिबंधित किया गया है। इसके अलावा, भारतीय रेलवे ने अब कई ट्रेनों को कैंसिल करने और डायवर्ट करने की भी जानकारी दी है। भारतीय रेलवे ने जी20 सम्मेलन को लेकर 200 ट्रेनों को कैंसिल करने की जानकारी दी है। भारतीय रेलवे के नोटिफिकेशन में कहा गया है कि जी20 के मद्देनजर करीब 300 ट्रेन प्रभावित होंगे, जिसमें 200 ट्रेनों को रद्द किया गया है।

### गाजियाबाद में 15 अक्टूबर तक धारा 144 लागू




गाजियाबाद। गाजियाबाद जिले में 15 अक्टूबर तक धारा 144 लागू कर दी गई है। जी-20 शिखर सम्मेलन और आने वाले त्योहारों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। इस अवधि में कोई भी आयोजन बिना प्रशासन की अनुमति के नहीं हो सकेगा। धरना प्रदर्शन, जुलूस आदि निकालने पर भी पाबंदी होगी। एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने बताया कि आगामी जी-20 सम्मेलन के साथ ही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, चेहल्लुम, विश्वकर्मा पूजा, बारावफात, गांधी जयंती, महाराजा अग्रसेन जयंती के साथ ही कई प्रतियोगी परीक्षाएं होनी हैं। <

### ओडिशा : भारी बारिश से 12 लोगों की मौत



भुवनेश्वर। ओडिशा में शनिवार को भारी बारिश हुई। इस दौरान छह जिलों में बिजली गिरने से 12 लोगों की मौत हो गई। विशेष राहत आयुक्त के कार्यालय ने बताया कि बिजली गिरने से खुर्दा जिले में चार, बोलांगीर में दो और अंगुल, बौध, जगतसिंहपुर तथा ढेंकनाल में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। बयान में कहा गया है कि बिजली गिरने से खुर्दा में भी तीन लोग घायल हो गए। ओडिशा सरकार के विशेष राहत आयुक्त ने बताया कि राजधानी भुवनेश्वर और कटक शहरों सहित ओडिशा के तटीय क्षेत्र में बिजली गिरने के साथ भारी बारिश हुई।

### बिहार को इस्लामिक स्टेट बनाना चाहती है नीतीश सरकार : गिरिराज



पटना। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि पूरे बिहार के स्कूलों में 'हिंदू त्योहारों' की छुट्टियों में कटौती कर राज्य की नीतीश कुमार सरकार शरिया लागू कर इस्लामिक स्टेट स्थापित करना चाहती है। बीजेपी के बेगूसराय से सांसद ने यह टिप्पणी अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन के दौरान की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला जलाया। सिंह ने कहा, ''यह बच्चों को सनातन संस्कृति से अलग करने की कोशिश है।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किया विरोध, सरकार की मंशा पर उठाए सवाल

# 'एक देश, एक चुनाव' का विचार भारतीय संघ और इसके सभी राज्यों पर हमला



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एक देश एक चुनाव को लेकर देश में सियासी घमासान छिड़ा है। केंद्र की मोदी सरकार वन नेशन-वन इलेक्शन को लेकर कमर कस चुकी है। सरकार ने देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी का भी गठन कर दिया है। सरकार ने इसको लेकर अधिसूचना भी जारी कर दी है। इधर, कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक देश एक चुनाव को राहुल गांधी ने देश और सभी राज्यों पर हमला करार दिया है। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा है कि 'एक देश, एक चुनाव' का विचार भारतीय संघ और इसके सभी राज्यों पर हमला है। उन्होंने कहा कि इंडिया भारत है और यह राज्यों का संघ है। ऐसे में एक देश, एक चुनाव का विचार भारतीय संघ और इसके सभी राज्यों पर हमला है।

### कांग्रेस ने लगाए गंभीर आरोप

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, एक देश, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति एक रस्मी कवायद है, जिसका वक्त अत्यधिक संदिग्ध है। इसकी संदर्भ शर्तों ने पहले ही अपनी सिफारिशें निर्धारित कर दी हैं। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने समिति में शामिल होने से इनकार कर दिया है। उन्होंने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को समिति में शामिल नहीं करने को लेकर भी निशाना साधा। एक देश एक चुनाव को लेकर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, सरकार ने जो कमेटी का गठन किया है वह संसदीय लोकतंत्र को नष्ट करने की कोशिश है।



### 1967 तक होते थे एक साथ चुनाव

बता दें, 1967 तक भारत में राज्य विधानसभाओं और लोकसभा के लिए एक साथ चुनाव होने का चलन था। हालांकि, समय के साथ चीजें बदलती गईं। 1968 और 1969 में कुछ विधानसभाएं और 1970 में लोकसभा समय से पहले भंग कर दी गईं। एक दशक बाद, 1983 में चुनाव आयोग ने एक साथ चुनाव कराने का प्रस्ताव रखा। हालांकि, आयोग ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि तत्कालीन सरकार ने इसके खिलाफ फैसला किया।

### कानून मंत्रालय के अधिकारियों ने की कोविंद से मुलाकात

कानून मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने रविवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकायों से संबंधित चुनाव के बारे में एक ब्रीफिंग के जरिए जानकारी दी। बता दें कि कानून सचिव नितेन चंद्रा, विधायी सचिव रीता वशिष्ठ और अन्य अधिकारियों ने रामनाथ कोविंद से मुलाकात की और उन्हें इस मामले से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति से यह भी पूछा कि वह समिति के समक्ष एजेंडे के बारे में कैसे जानना चाहेंगे।

### लोकतंत्र और संघवाद के लिए विनाशकारी : ओवैसी

एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने 'वन नेशन वन इलेक्शन' (एक राष्ट्र एक चुनाव) के मुद्दे पर कहा है कि यह बहुदलीय लोकतंत्र और संघवाद के लिए विनाशकारी होगा। ओवैसी ने पोस्ट किया, ''मोदी सरकार ने एक पूर्व राष्ट्रपति को एक सरकारी समिति का अध्यक्ष नियुक्त करके भारत के राष्ट्रपति के उच्च पद का दर्जा कम कर दिया है।'' इसके अलावा गुलाम नबी आजाद का नाम लिए बगैर ओवैसी ने लिखा, ''एक पूर्व राज्यसभा एलओपी (विपक्ष के नेता) को (समिति में) क्यों शामिल किया गया है?''

## पाक-चीन को पीएम मोदी की दो टूक

# अरुणाचल हो या कश्मीर कहीं भी कर सकते हैं बैठक

▸▸ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 की बैठक से पहले चीन और पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश हो या कश्मीर कहीं भी हम मीटिंग कर सकते हैं। दरअसल, कश्मीर में जी-20 की बैठक आयोजित करने पर पड़ोसी पाकिस्तान ने आपत्ति जताई थी, उधर अरुणाचल प्रदेश में बैठक हुई तो चीन को तकलीफ हुई। अब दिल्ली में जी-20 नेताओं की बैठक से ठीक पहले विशेष साक्षात्कार में पीएम मोदी ने पाकिस्तान और चीन की आपत्तियों को खारिज करते हुए साफ कहा है कि देश के हर हिस्से में बैठकें होना स्वाभाविक है। आपको बता दें कि पाकिस्तान जी-20 का सदस्य नहीं है। भारत की संस्कृति और विविधता को दर्शाने के लिए सरकार ने देश के अलग-अलग हिस्सों में जी-20 की बैठकें आयोजित की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जी-20 के सालभर चलने वाले कार्यक्रमों में डेढ़ करोड़ से ज्यादा भारतीय शामिल हैं। आपको बता दें कि पाकिस्तान जी-20 का सदस्य नहीं है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को दिल्ली समिट के लिए आना था लेकिन ऐन वक्त पर उन्होंने अपने प्रधानमंत्री को भेजने का फैसला किया है।

### दुनिया के टॉप-3 में होंगे

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, इस रफ्तार को देखकर मुझे यकीन है कि हम निकट भविष्य में दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएंगे। मुझे भरोसा है कि 2047 तक हमारा देश विकसित देशों में से एक होगा। उन्होंने कहा कि एक विकसित देश के रूप में भारतीय अर्थव्यवस्था अधिक समावेशी एवं नवाचारी होगी, गरीब लोग निर्धनता के खिलाफ लड़ाई में जीत हासिल करेंगे और देश के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र दुनियाभर में बेहतरीन होंगे।

### भारत 2047 तक होगा विकसित राष्ट्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की आर्थिक वृद्धि को अपनी सरकार के नौ साल के कार्यकाल की राजनीतिक स्थिरता का 'स्वाभाविक सह-उत्पाद' बताते हुए उम्मीद जताई है कि 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र होगा। इसमें भ्रष्टाचार, जातिवाद और सांप्रदायिकता के लिए कोई जगह नहीं होगी। अब भारत एक बार फिर आगे बढ़ रहा है। हमने जिस रफ्तार से दुनिया की 10वीं से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था तक लंबी छलांग लगाई है वह दर्शाता है कि भारत को अपना काम बखूबी पता है।

# इंफाल के अंतिम 10 कुकी परिवार भी किए गए शिफ्ट

### सामान पैक करने का भी समय नहीं देने का आरोप



इंफाल। मणिपुर के इंफाल में 10 कुकी परिवारों को कांगपोकपी में स्थानांतरित किया गया। चार महीने पहले राज्य मे जातीय हिंसा भड़कने के बावजूद वह अपने घरों को छोड़ कर कहीं नहीं गए थे। एक अधिकारी ने बताया कि इन परिवारों को शनिवार (2 सितंबर) की सुबह ही उत्तरी किनारे पर कुकी-प्रभुत्व वाले कांगपोकपी जिले में ले जाया गया, क्योंकि ये हमलावरों के टारगेट में बने हुए थे। 10 कुकी परिवारों को इंफाल से लगभग 25 किमी दूर कांगपोकपी जिले के मोटबुंग तक 'सुरक्षित मार्ग' प्रदान किया गया।

### कुकी परिवार का आरोप

इन सब के बीच कुकी परिवार ने आरोप लगाया है कि उन्हें न्यू लाम्बुलेन क्षेत्र में मोटबुंग में उनके आवासों से जबरन बेदखल किया गया है। कुकी इलाके की सुरक्षा करने वाले स्वयंसेवकों में से एक एस प्राइम वैफेई ने दावा किया है कि कुछ वर्दीधारी सशस्त्र कर्मियों की एक टीम 1 सितंबर की रात इंफाल के न्यू लाम्बुलेन में आई और 2 सितंबर को इम्फाल में कुकी इलाके में बचे अंतिम निवासियों को उनके घरों से जबरन बेदखल कर दिया गया।

### 300 आदिवासी परिवारों ने छोड़ा अपना घर

न्यू लैंबुलेन क्षेत्र में रहने वाले लगभग 300 आदिवासी परिवार 3 मई को जातीय हिंसा शुरू होने के बाद से अपना घर छोड़ चुके है। वैफेई ने एक बयान में कहा, 'हममें से 24 लोगों को अपना सामान पैक करने का भी समय नहीं दिया गया और हमें केवल पहने हुए कपड़ों के साथ वाहनों में ले गए। बता दें कि मणिपुर की आबादी में मेइतेई लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी में रहते हैं। आदिवासी - नागा और कुकी - 40 प्रतिशत से कुछ अधिक हैं और पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

## कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी...



पश्चिम बंगाल के नादिया में रविवार को कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव से पहले कलाकार भगवान कृष्ण की मूर्तियों को अंतिम रूप देते कलाकार। कृष्ण जन्माष्टमी 6 सितंबर को मनाया जाएगा।

# मुंद्रा पोर्ट से 6.5 करोड़ की विदेशी सिगरेट जब्त

- नवी मुंबई से 19 करोड़ के ड्रग्स के पकड़े गए 7 नाइजीरियाई

मुंबई। महाराष्ट्र और अहमदाबाद में करोड़ों के नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। नवी मुंबई टाउनशिप में नशीले पदार्थ के तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के बाद सात नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 19.05 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। वहीं, डीआरआई अहमदाबाद ने मुंद्रा बंदरगाह से करीब 6.5 करोड़ रुपये की सिगरेट जब्त की है। नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त मिलिंद भारम्बे ने बताया कि खारघर इलाके में आवासीय इलाकों में शुक्रवार को छापेमारी के बाद प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई और गिरफ्तारियां की गईं। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ नाइजीरियाई लोग नशीले पदार्थ बेच रहे हैं। जब्त किए गए नशीले पदार्थों में कोकीन, एमडीएमए और ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड की गोलियां शामिल हैं, जो एक साइकोट्रोपिक पदार्थ है।

## सबसे पहले अपना मंत्रिमंडल बर्खास्त करें पीएम मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में अगले हफ्ते होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले समाचार एजेंसी पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कई मुद्दों पर बात की। इस दौरान पीएम ने फर्जी खबरों को लेकर भी कहा कि, फर्जी खबरें बहुत ही हार्मफुल है। इसपर अब आप ने पलटवार किया और कहा अगर ये हार्मफुल है तो आप सबसे पहले अपना मंत्रिमंडल बर्खास्त करें। आप की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कर ने पीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि, 'ऐसा लगता है कि पीएम मोदी जमीनी हकीकत से परिचित नहीं हैं।

## खुफिया एजेंसी ने किया अलर्ट

# सोशल मीडिया पर इन 14 नामों से रहें बचकर

नई दिल्ली

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई भारत के संवेदनशील प्रतिष्ठानों के बारे में गुप्त जानकारी हासिल करने के लिए तरह-तरह की साजिश रच रही है। पाकिस्तान की तरफ से हनीट्रैप में पंजाब में तैनात सैनिकों, पुलिस जवानों और सरकारी अधिकारियों को फंसाने की कोशिशें की जा रही हैं। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने 14 नामों पर अलर्ट रहने को कहा है। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने हाल ही में राज्य पुलिस मुख्यालय को भेजे गए अलर्ट में बताया है कि महिला पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) ने अब उन सूचनाओं को पाने के लिए सोशल मीडिया पर हनीट्रैप बिछाया है, जिनकी वह तलाश में जुटी है। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने ऐसी 14 सोशल मीडिया प्रोफाइल की लिस्ट जारी की गई है, जिन्हें लेकर सेना और पंजाब पुलिस के जवानों को भी अलर्ट किया गया है। अलर्ट में कहा गया है कि भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना के अधिकारी और उनके रिश्तेदार प्राथमिक टारगेट थे, जिन्हें सोशल मीडिया पर खूबसूरत महिला पीआईओ द्वारा लालच दिया जा रहा है। पंजाब पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि ये पीआईओ सेना और पुलिस अधिकारियों के अलावा उनके रिश्तेदारों को फंसाने के लिए सोशल मीडिया ऐप्स पर फेक फोटो का इस्तेमाल करती हैं।

### इन नामों का इस्तेमाल

पंजाब पुलिस ने 14 ऐसी संदिग्ध प्रोफाइलों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में अनिया राजपूत, अलीना गुप्ता, आन्या अन्या, दीपा कुमारी, इशानिका अहीर, मनप्रीत प्रीति, नेहा शर्मा, परीशा अग्रवाल, प्रिया शर्मा, श्वेता कपूर, संगीता दास, तारिका राज, परीशा और पूजा अतर सिंह जैसे नाम शामिल हैं। खुद को महिला बताकर ये पीआईओ फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और टेलीग्राम समेत अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय हैं।

## जी-20 सम्मेलन : मीनू में रहेंगे चांदनी चौक के 'स्ट्रीट फूड' भी

# बाजरे से बने व्यंजन का लुत्फ उठाएंगे विदेशी मेहमान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली






जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन सहित दुनिया के कई देशों के नेता भारत आ रहे हैं। इन नेताओं के खान-पान का विशेष ख्याल रखते हुए इन्हें बाजरे से बने व्यंजन और चांदनी चौक में मिलने वाले स्वादिष्ट 'स्ट्रीट फूड' आदि परोसे जाने की योजना है। राष्ट्रीय राजधानी में 9 से 10 सितंबर को होने वाले शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दुनियाभर के नेता और प्रतिनिधि जुटने वाले हैं। जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल भारत मंडपम में इन मेहमानों के लिए बाजरे से बने विविध प्रकार के व्यंजन परोसे जाने की योजना है। बाजरा बेहद पौष्टिक मोटा अनाज है और यह पर्यावरण के अनुकूल भी माना जाता है। जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष राष्ट्रीय राजधानी आ रहे हैं। इन राष्ट्राध्यक्षों के जीवनसाथियों को ऐतिहासिक जयपुर हाउस में दोपहर का भोज दिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि मेहमानों की थाली में बाजरे से बने व्यंजन भी परोसे जाएंगे। जयपुर हाउस में राष्ट्रीय आधुनिक कला गैलरी (एनजीएमए) भी है।' एनजीएमए में कलाकृतियों का एक समृद्ध संग्रह है, जिसमें पेंटिंग, मूर्तियां, तस्वीरें आदि शामिल हैं।

### नए अंदाज में होंगे क्षेत्रीय व्यंजन

एक प्रश्न के उत्तर में विशेष सचिव परदेशी ने कहा, ''हां, देश के प्रसिद्ध स्ट्रीट फूड और स्थानीय एवं क्षेत्रीय व्यंजन कुछ नये अंदाज में परोसे जाएंगे। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए खानसामे खाने की सूची को अंतिम रूप देने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। ...'' उन्होंने कहा, ''दिल्ली के स्ट्रीट फूड काफी लोकप्रिय हैं, खासतौर पर चांदनी चौक इलाके के. तो मुझे भरोसा है कि जब आप हमारे अंतरराष्ट्रीय मीडिया केंद्र पर जाएंगे, तब आपको भारत के 'स्ट्रीट फूट' का लाजवाब जायका मिलेगा।''

### नए व्यंजन तैयार करने की प्रतिस्पर्धा

विदेशी नेता और प्रतिनिधि जिन होटलों में ठहरेंगे, वहां बाजरे से बने ज्यादा से ज्यादा नये व्यंजन तैयार करने की प्रतिस्पर्धा चल रही है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले नेताओं और प्रतिनिधियों को दिए जाने वाले उपहारों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उपहार में देश की हस्तशिल्प, कपड़ा और चित्रकला परंपराओं को प्राथमिकता दी जा रही है। चाहे पेंटिंग हो या हस्तशिल्प अथवा कालीन, उनका चयन अतिथियों को ध्यान में रखते हुए सावधानी पूर्वक किया जाएगा।

# अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश, 6 शातिर चोर अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार, 11 मोटरसाइकिल बरामद



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। पुलिस व सर्विलांस/एसओजी की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है । थाना अहरौरा पुलिस व सर्विलांस/एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा आज दिनांकः 04.09.2023 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना अहरौरा क्षेत्र से मोटर साइकिल चोरी करने तथा चोरी की मोटरसाइकिल का नम्बर परिवर्तित कर खरीद एवं बिक्री करने वाले शातिर 06 अभियुक्तों को 03 अदद मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया जिन्होने पूछताछ में अपना नाम-पता- दिवाकर यादव पुत्र कन्हैया यादव निवासी खासडीह थाना अहरौरा 2. लालू यादव पुत्र महंगू यादव निवासी अहरौरा डीह थाना 3. प्रज्वल मिश्रा पुत्र अरविन्द मिश्रा निवासी जुड़ई अहरौरा 4. जितेन्द्र कुमार यादव पुत्र अमर देव यादव निवासी लोहरा थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली 5. राहुल उर्फ राकेश पुत्र बृजभूषण निवासी भदावल थाना जमालपुर 6. सोनू गौड़ पुत्र राम सकल गौड़ निवासी सरीया अहरौरा गिरफ्तार अभियुक्त दिवाकर यादव के कब्जे से एक अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों की निशादेही पर अभियुक्त दिवाकर यादव के घर से चोरी की अन्य 08 अदद मोटर साइकिलों को बरामद किया गया । इस प्रकार उपरोक्त सभी अभियुक्तो के कब्जे से चोरी की कुल 11 अदद मोटर साइकिले बरामद की गयी । जिसमें 04 मोटर साइकिलें थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 169/ 2023 धारा 379 भादवि, मु0अ0सं0 172/2023 धारा 379 भादवि, मु0अ0सं0 114/2023 धारा 379 भादवि एवं मु0अ0सं0 148/2023 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित है । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर मु0अ0सं0-173/2023 धारा 379,411,414,419,420,467 ,468,471 भादवि व मु0अ0सं0 174/2023 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजा गया गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि इनका एक संगठित गैंग है जो मोटर साइकिलों की चोरी कर बिक्री करने का काम करता है । गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा आस पास के जनपदों से मोटरसाइकिल की चोरी की जाती है तथा चोरी की मोटर साइकिलो के नम्बर प्लेट को बदल कर ग्राहकों की तलाश कर कम दाम पर बेच दिया जाता है । जिससे प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लेते है ।

## मतदान के दिन जनपद के कक्षा 01 से 08 तक के समस्त विद्यालय रहेंगे बंद

प्रखर पूर्वांचल,मऊ। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय ने बताया कि 354 घोसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का उप निर्वाचन-2023 का मतदान दिनांक 05 सितम्बर 2023 को होना है। उक्त के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी मऊ द्वारा मतदान के दिन जनपद मऊ में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने ने बताया कि जनपद में संचालित कक्षा 01 से 08 तक के समस्त परिषदीय विद्यालयों/समस्त बोर्ड से मान्यता प्राप्त / सहायता प्राप्त विद्यालयों में मतदान दिनांक 05 सितम्बर 2023 को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। यदि किसी विद्यालय में मतदान दिवस को पठन-पाठन आदि संचालित पाया जाता है, तो कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## भारत विकास परिषद श्रद्धा शाखा द्वारा वृद्धाश्रम सेवा का आयोजन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारत विकास परिषद श्रद्धा शाखा द्वारा सेवा एवं संस्कृति सप्ताह के क्रम में वृद्धाश्रम, सारनाथ निकट रेलवे स्टेशन पर सातवां कार्यक्रम वृद्धाश्रम सेवा का आयोजन हुआ सर्वप्रथम मां भारती व स्वामी विवेकानन्द को नमन करते हुए दीप प्रज्वलन किया गया इसके पश्चात आए हुए सभी प्रांतीय व शाखा सदस्यों वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव कुमार पाण्डेय ने स्वागत व अपना उद्बोधन दिया` संस्थापक व जिला समन्वयक (वरिष्ठ) योगेश कुमार श्रीवास्तव भारत विकास परिषद के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए सेवा एवं संस्कृति कार्यक्रम के विषय में अपने विचार व्यक्त किए` कार्यक्रम संयोजक सविता जैन , राकेश जैन ,आशा रौनियार व डॉ. रत्नेश चन्द्र अग्रवाल तथा अमृता पाण्डेय रही संचालन शाखा सचिव विनीता सिंह व धन्यवाद अभिषेक सिंह ने किया` कार्यक्रम में पूर्व महिला संयोजिका काशी प्रान्त विनीता श्रीवास्तव ,शशिकांत शुक्ल , पायल शुक्ला ,महिला संयोजिका नीतू यादव,कोषाध्यक्ष अनिल भट्टाचार्य , गोपाल अग्रवाल , अनिल विक्रम , सुनीता विक्रम , दीपमाला सिंह , डॉ. शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय ,आश्रम अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## पक्का पुल से कूदकर छात्रा ने दी जान



प्रखर चुनार मिजार्पुर। गंगा पार को जोड़ने वाले चुनार पक्का पुल से सोमवार सुबह करीब 11 बजे छात्रा ने अचानक से गंगा नदी में कूदकर खुदकुशी कर ली। रफ्श्र इ.अ प्रथम की छात्रा संगीता सिंह नाम था लड़की का पिता का नाम अनिल कुमार सिंह रजौली गांव की है । घाट पर मौजूद मल्लाहों ने नजारा देखा तो आनन फानन में नाव लेकर मौके पर पहुंचे और शव की खोज परताल चालू कर दिए लेकिन शव बरामद नहीं हुआ। हालांकि उसकी मौत हो चुकी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की छानबीन कर रही है। मल्लाहों के मुताबिक, जिस जगह युवक कूदी वहां गंगा में गहराई थी। ऊंचाई से कूदने के कारण उसे अंदरूनी चोट लगी और शायद इसी कारण उसकी मौत हो गई हो। किस कारण उसने खुदकुशी की ये अभी साफ नहीं है। चुनार थाना प्रभारी त्रिवेणी लाल सेन ने बताया कि छात्रा की शव की तलाश जारी है छात्रा का बैग और कालेज का आईडी कार्ड मिला है जिससे छात्रा की पहचान हुई है फिलहाल खबर लिखे जाने तक छात्रा की तलाश जारी थी।

## चक्रवाती तूफान से विद्युत आपूर्ति ठप, रास्ता जाम



प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। रविवार की देर रात क्षेत्र में आए चक्रवाती तूफान ने सबकुछ हिलाकर रख दिया। एक तरफ जहां पेड़ पौधे धराशाई हो गए वहीं दूसरी तरफ विजली के पोल सहित नंगे तार और केबिल टूटकर जमीन पर आगए। विद्युत आपूर्ति बाधित होते ही हर ओर अंधेरा छा गया,घरों पर लगे टीन शेड तेज हवा के झोंके संग जहां उड़ कर दूर जाकर गिर गए वहीं सीमेंट की चादरें टूट कर खंड खंड हो गई।रात में सो रहे लोगों की जब सुबह नींद खुली तो घरों के बाहर का नजारा परेशानी का सबब बना हुआ था।लोग देख कर अवाक रह गए। गांव से लेकर कस्बों बाजारों में चक्रवाती तूफान का भयावह मंजर सबको हैरान कर देने वाला था। हल्की बारिश के साथ तेज हवा का झोंका काफी कुछ तबाही का मंजर देकर चला गया था। क्षेत्र के दुल्लहपुर जलालाबाद सुल्तानपुर नायकडिह बहलोल पुर रामपुर पतारी हरदासपुर भीकमपुर धनेशपुर खडौरा छतमा बड़ा गांव जफरपुर कुंदनपुर कोठिया कोड़री मलेठी,डंडापुर ओडराई सोनहरा सिखड़ी आदि जगह-जगह मुख्य रास्तों पर पेड़-पौधों के गिरने से जाम हुए रास्ते आने जाने वालों के लिए मुसीबत खड़ा दिए जिसके चलते लोग दूसरे सम्पर्क मार्गो से आने जाने के लिए बाध्य हो गए। प्रबुद्ध वर्ग एवं जागरूक नागरिकों के अथक प्रयास से मार्ग को सुगम बनाने का कार्य जोरों पर दिखा। उखड़े विजली के खंभों और टूटे तार केबिलों को दुरुस्त करने के लिए विभाग जुट गया। ताकि विजली उपभोक्ताओं को सुचारू और निर्बाध गति से विद्युत आपूर्ति की जा सके।

## चुनाव के दिन बंद रहेंगे कारखाने तथा दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान

प्रखर पूर्वांचल मऊ। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरुण कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार 354 घोसी में उपचुनाव हेतु दिनांक 5 सितंबर 2023 नियत है। गत निर्वाचन की भांति इस निर्वाचन हेतु मतदान तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाना है। जिसके क्रम में लोक प्रतिनिधित्व की धारा 135 ख के प्रावधानों के तहत अविरल/अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानो में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मतदान का उपयुक्त अवसर प्रदान करने हेतु मतदान के दिवस को सार्वजनिक करने तथा अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य न लेने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने हेतु भी निर्देशित किया गया है। अतः 354 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन 2023 के अंतर्गत उक्त क्षेत्र अंतर्गत समस्त कारखाने अविरल/अनविरल तथा दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे।

## लोकतंत्र एवं संविधान बचाओ साईकिल यात्रा तीसरे दिन पहुंची मड़ियाहूं बाईपास



प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर विवेक यादव ने नेतृत्व में चल रहे लोकतंत्र एवं संविधान बचाओ साईकिल यात्रा तीसरे दिन मड़ियाहूं बाईपास से निवर्तमान जिलाअध्यक्ष डां अवधनाथ पाल एंव विधायक तूफानी सरोज व श्रद्धा यादव ने झंडा दिखाकर रवाना किया वहीं साईकिल यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का चरित्र षड्यंत्रकारी है। प्रलोभन से वह अपनी सत्ता की भूख पूरी करना चाहती है। लूट और भ्रष्टाचार का बोलबाला है और कानून का राज चौपट है। कहा कि सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का सत्ता से बाहर हो जाना तय है। जनता समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना चाहती है। समाजवादी पार्टी के साथ जनता है और जनता का सम्मान समाजवादी पार्टी और सरकार में ही सुरक्षित है। कहा कि समाजवादी सरकार ने बिजली बनाई, भाजपा ने बिजली महंगी की और लोगों को धोखा दिया। भाजपा ने मंडी नहीं बनाई। अस्पतालों में दवा नहीं है। भाजपा सरकार में उद्योग नहीं लगे। विकास कुछ हुआ नहीं अपराधी बेलगाम हैं।

भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान नहीं है।कहा कि भाजपा सरकार की नीयत में विकास कार्य करना नहीं है। अगर कोई जनप्रतिनिधि जनसहयोग से कुछ विकास करना चाहे तो उसकी जांच होने लगती है। अपने विपक्षियों को डराने और फर्जी केसों में फंसाने के लिए ईडी, सीबीआई पीछे लगा दी जाती है। जनता अब इस अत्याचारी भाजपा सरकार से छुटकारा पाना चाहती है साईकिल यात्रा में मुख्य रूप से राकेश मौर्या,नि० महासचिव अंखड प्रताप यादव, राहुल त्रिपाठी,कैलाश प्रमुख,रामू मौर्या, इशा फारुकी गौरी सोनकरगामा सोनकर राजेश यादव, आशीष घीरू,नितिन सैफई, अशोक नायक, सोनू यादव, अनुपमा पटेल, पवन यादव, संन्दीप यादव, शरद यादव, मंजूर हसन,जेपी यादव, अनील दूबे, पीसी पाल, राकेश पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## विधानसभा क्षेत्र घोसी में कल होने वाले मतदान के दृष्टिगत पोलिंग पार्टियां हुई रवाना




प्रखर पूर्वांचल, मऊ। विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत जनपद के विधानसभा क्षेत्र घोसी में कल होने वाले मतदान के दृष्टिगत आज पोलिंग पार्टियां कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना हुई। इस दौरान जिला अधिकारी श्री अरुण कुमार ने पोलिंग पार्टियों की रवानगी हेतु निर्धारित विभिन्न टेबलों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। 5 सितंबर को होने वाले मतदान हेतु कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पार्टी रवानगी स्थल से दोपहर 2:00 बजे तक समस्त पोलिंग पार्टियां अपने निर्धारित मतदेय स्थलों हेतु रवाना हो चुकी थी। इसके अलावा जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित चुनाव कंट्रोल रूम, एमसीएमसी पटल तथा वेव कास्टिंग व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। चुनाव कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने चुनाव से संबंधित अब तक प्राप्त शिकायतों एवं उनके निस्तारण की स्थिति की जानकारी लेते हुए ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों को प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। एमसीएमसी पटल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर तैनात कार्मिकों को विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक चैनलों,सोशल मीडिया तथा अखबारों पर सतर्क नजर रखने के निर्देश दिए, जिससे आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन,विज्ञापन या पेड न्यूज जैसी कोई खबर संज्ञान में आने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया जा सके। कलेक्ट्रेट परिसर के प्रथम तल स्थित सभागार में वेव कास्टिंग व्यवस्था एवं मतदान के दिन अलग से स्थापित कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण जिला अधिकारी द्वारा किया गया। वेव कास्टिंग व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदाई संस्था को बूथों पर सीसीटीवी कैमरो की अनवरत सक्रियता रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों का वेब कास्टिंग व्यवस्था से समन्वय स्थापित करते हुए तत्काल निस्तारित करने को कहा। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## काशी सांसद संस्कृत महोत्सव के चौथे दिन भी प्रतिभागियों ने मचाया धमाल




प्रखर रोहनिया वाराणसी। सोमवार को काशी सांसद संस्कृत महोत्सव के चलने वाले पांच दिवसीय कार्यक्रम के आज चौथे दिन 19 वर्ष के ऊपर के प्रतिभागियो ने भाग लिया। न्याय पंचायत काशीपुर के तत्वाधान में चल रहे संस्कृत महोत्सव कार्यक्रम प्रभारी रामदुलार ने बताया कि प्रधानमंत्री और जिला प्रशासन का हम सभी लोगों को सादर आभार और अभिनंदन करना चाहिए। जिले भर में चल रहे इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से गांव घर के उन बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है। जिनकी प्रतिभा आज तक छुपी हुई थी। और उन बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए कोई प्लेटफार्म नहीं मिल रहा था। प्रभारी रामदुलार ने जिला प्रशासन की प्रशंसा करते हुए यह भी कहा कि जिला प्रशासन द्वारा इस काशी सांस्कृतिक महोत्सव कार्यक्रम को लोगों द्वारा बहुत प्यार मिल रहा है। और ग्रामीण क्षेत्र के सभी लोग काशी की संस्कृति को जान समझ रहे हैं और अपनी काशी संस्कृति के प्रति जागरूक भी हो रहे हैं। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी रामदुलार , काशीपुर ग्राम प्रधान विजय कुमार श्रीवास्तव, चंदन सिंह, सतीश चंद्र चौधरी, आरती प्रभा, सत्य प्रकाश पाल, अनीता देवी के अलावा आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 'गांधी अंतरराष्ट्रीय विचार मंच' मलावी अफ्रीका की बैठक संपन्न

प्रखर डेस्क। रविवार को मलावी 'महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय मंच ' की त्रिमासिक बैठक लिलोग्वें में संपन्न हो गई। इसके बारे में मंच के मलावी संयोज और वरिष्ठ हिन्दी साहित्यकार दिनेश प्रसाद सिन्हा ने बतलाया कि मंच के पीछले कार्यो कि समीक्षा कि गई और मंच के विस्तार हेतु और अधिक रचनात्मक कार्य करने का निर्णय लिया गया। सिन्हा ने बताया कि अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में नीम पिपल बरगद और तुलसी के पौधों का लिलौग्वे रोपण किया जाएगा। इसको कई चरणों में आगे जोंबा, लिवोन्डी, बलन्टायर, मुजुजु, सलीमा और मंगोची तक विस्तार दिया जाना हैं। इस सन्दर्भ में आवश्यक तैयारी और रूप रेखा अपने अंतीम चरण में है। 'महत्मा गांधी के दर्शन पर समय समय पर संगोष्ठी जिसमें स्थानीय जनता को भी जोड़ा जाए' का प्रस्ताव आनंद केडिया द्वारा रखा गया जिसे स्वीकार कर लिया गया। हिन्दी पखवारा मनाने के लिए संतोष कुमार विश्वकर्मा को चुना गया। वही अतुलपर्वे ने दो अक्टूबर पर आयोजित होने वाले क्रायक्रमो के बारे में बताया। सिन्हा ने बतलाया कि 'महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय विचार मंच'के संस्थापक विश्व शांतिदूत प्रकाश आर अर्जुनवार को दो अक्टूबर के क्रायकर्म में ऑन लाइन जुड़ने हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

### सीरत कमेटी के अध्यक्ष का मुस्लिम सजावट कमेटी ने किया स्वागत



प्रखर जौनपुर। शहर के हरलालका रोड की मुस्लिम सजावट कमेटी के अध्यक्ष अंजुम सिद्दीकी और उनकी टीम ने नव चयनित सदर शौकत अली मुन्ना राजा का भव्य स्वागत आज अपनी कमेटी की तरफ से किया ,इस मौके पर श्री मुन्ना राजा ने कहा की यह त्योहार हम सब का है और शहर की तमाम सजावट कमेटी और अखाड़ों को एक साथ मिलकर हम सब के प्यारे नबी सरवरे कायनात का जलसा और जुलूस को कामयाब करना है। इस मौके पर मुख्य रूप से कमेटी के,असीम मछलीशहरी ,रियाजुद्दीन अल्वी, शहाबुद्दीन विधार्थी,सरताज सिद्दीकी,रियाजुल हक,इकराम सौदागर,शकील माज राइनी,जफर मसूद,फिरोज कुरेशी,शोबी ताज कादरी,हाजी सैय्यद फरोग,शोएब अहमद समीर,शोएब पठान सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### द मर्सी क्लब ने किया अपने मीडिया प्रभारी का स्वागत



प्रखर जौनपुर। शहर की अग्रणी संस्था द मर्सी क्लब ने आज एक समारोह में शहर की सामाजिक व सांस्कृतिक व मजहबी संस्था मरकजी सीरत कमेटी का मीडिया प्रभारी रियाजुल हक को बनाए जाने पर उनका स्वागत किया, कार्यक्रम वरिष्ठ सदस्य शिक्षक कलीम सिद्दीकी की अध्यक्षता में हुआ, कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद खालिक मंसूरी ने किया इस मौके पर रियाजुल हक ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज का वक्त पब्लिसिटी का वक्त है, जंगल में मोर नाचा किसने देखा की कहावत अब पुरानी हो गई, आज कोई भी कार्यक्रम कहीं पर भी हो रहा हो उसका प्रचार व प्रसार पब्लिसिटी के माध्यम से करना बहुत ही आसान हो गया है। कार्यक्रम का समापन नगर अध्यक्ष अब्दुल सलाम ने किया इस मौके पर मुख्य रूप से शमीमुल हसन बब्बू,अजय दुबे,रितेश श्रीवास्तव,आफताब सिद्दीकी,मुस्तकिम अहमद,मनोज सेठ,जितेंद्र,राजेश,फिरोज अहमद ने माल्यार्पण कर उनकी हौसला अफजाई की।

### मतदान के दिन निर्वाचन से संबंधित विभिन्न नंबरों पर दर्ज करा सकते हैं शिकायत या सुझाव

प्रखर पूर्वांचल मऊ। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव ने बताया कि 354 घोसी विधानसभा उप निर्वाचन 2023 हेतु मतदान दिवस 05 सितंबर 2023 को सकुशल संपादन एवं विभिन्न सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट भवन सभागार में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका स्थापित टेलीफोन संख्या 0547-2990901, 0547-2221565, 0547-2224117 एवं 0547-2970160 पर निर्वाचन संबंधित सूचनाओं को दर्ज करा सकते हैं। विधानसभा क्षेत्र घोसी में उप निर्वाचन हेतु कुल 239 मतदान केंद्रों के 455 बूथों पर मतदान होगा। पूरे निर्वाचन क्षेत्र को 2 जोन एवं 27 सेक्टर में विभाजित किया गया है। इस प्रकार दो जोनल एवं 27 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। इस निर्वाचन को संपन्न कराने हेतु कुल 591 कंट्रोल यूनिट, 591 बैलेट यूनिट तथा 630 वीवी पैट हैं,जिनमें से 455 ईवीएम एवं वीवी पेट समस्त बूथों पर प्रेषित किए जाएंगे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं